## अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़ एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर पाठक के निर्देशानुसार व क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय कमलेश कुमार के कुशल नेतृत्व में अवैध शस्त्र बनाने व बिक्री करने वाले शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गांधीपार्क पुलिस व क्रिमिनल इंटेलीजेन्स विंग नगर टीम की संयुक्त टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त आशीष शर्मा पुत्र लवकुश शर्मा निवासी ग्राम भकरी थाना विजयगढ़ जनपद अलीगढ़ हाल निवासी बाबा कालोनी थाना गांधी पार्क जनपद अलीगढ़ को रायल एवेन्यू लाज के समीप खाली पडे पुराने भट्टे से पहले बने एक खण्डहर कमरे से 21 अवैध तमन्चे 315 बोर, एक अवैध तमन्चा 12 बोर व एक तमन्चा 315 बोर अधबना व चार खोखा व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर व शस्त्र बनाने के उपकरण बनाने की फैक्ट्री का भण्डाफोड़ करते हुए गिरफ्तार किया। इस दौरान दो अभियुक्त राहुल शर्मा पुत्र मनोज शर्मा निवासी गली नं0 9 डोरी नगर थाना गांधी पार्क जनपद अलीगढ़ व डीसू राघव पुत्र सतेन्द्र सिंह राघव निवासी विकास लोक कालोनी थाना गांधी पार्क जनपद अलीगढ़ टीमों को चकमा देकर फरार हो गए।

## साइबर ठगी के अन्तर्राज्यीय गैंग का किया भण्डाफोड़

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। पुलिस अधीक्षक अपराध व नोडल साइबर क्राइम के कुशल पर्यवेक्षण व नेतृत्व में गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के अन्तर्गत सब-पोर्टल प्रतिबिम्ब पर संदिग्ध मोबाइल नं0 8445682388 की जांच के दौरान उक्त मोबाइल नम्बर पर 6 अन्तर्राज्यीय एनसीआरपी शिकायत दर्ज प्रदर्शित हो रही थी। उपरोक्त शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए नये संदिग्ध मोबाइल नम्बर 9068112370, 7668589716 प्राप्त हुए। उक्त मोबाइल नम्बरों पर और पॉच अन्य राज्यों की एनसीआरपी शिकायत मिली, उपरोक्त कुल 11 शिकायतों का गहनता से जांच में अभियुक्त अभिषेक गुप्ता पुत्र किशोर कुमार गुप्ता निवासी गोकुल वाटिका नियर हनुमान मन्दिर अलीगढ व शैलेन्द्र पुत्र अशोक कुमार निवासी चंगुनपुर जनपद बुलन्दशहर हाल निवासी देवसैनी क्वार्सी बाईपास जनपद अलीगढ़ के नाम प्रकाश में आये। जिन्हे देवसैनी नाला रोड से कुछ दूर खाली पडे प्लाट की बाउड्री वॉल के पास से गिरफ्तार किया। उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा देश के अन्य राज्यों राजस्थान, बिहार तथा उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों में लोगों के साथ पिछले दो साल से हार्डवेयर का सामान बेचने के नाम पर एडवांस रुपये खाते में डलवा कर साइबर फ्रॉड किया जा रहा था। इनके द्वारा अन्तर्राज्यीय कुल 11 शिकायतों में 1,40,580 रुपये की ठगी की गयी है।

## एएमयू में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में स्वतंत्रता दिवस को देशभक्ति और गरिमामय रूप से मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस सिलसिले में आज प्रशासनिक ब्लॉक के कांफ्रेंस हॉल में कुलपति प्रोफेसर नाइमा खातून की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें 15 अगश्त के कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक के दौरान प्रो. खातून ने स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए इसे हमारे देश की पुनरुत्थान और प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय समुदाय से इस दिवस को गरिमा और गौरव के साथ मनाने में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। 15 अगश्त को मुख्य कार्यक्रम स्ट्रेची हॉल में आयोजित होगा, जिसकी शुरुआत प्रातः 9:11 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराने से होगी। इसके बाद राष्ट्रगान और एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया जाएगा। कुलपति इस अवसर पर संबोधन देंगी तथा सर सैयद हॉल (नॉर्थ और साउथ) में पौधारोपण करेंगी। वे विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों से भी मुलाकात करेंगी। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पॉलिटेक्निक ऑडिटोरियम में एक विशेष मुशायरे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वतंत्रता की भावना को शायरों द्वारा कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय भवनों को रोशनी से सजाया जाएगा। बैठक में प्रो-वाइस चांसलर प्रो. मोहम्मद मोहसिन खान और रजिस्ट्रार मोहम्मद इमरान (आईपीएस) ने भी विचार रखे। कार्यक्रम की सुचारू रूप से प्रस्तुति सुनिश्चित करने के लिए 13 अगश्त को फुल-ड्रेस रिहर्सल भी होगी। बैठक में विश्वविद्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वतंत्रता दिवस को श्रद्धा, एकता और राष्ट्रीय गौरव के साथ मनाने के संकल्प को दोहराया।

# तिरुपति मंदिर प्रबंधन की नई पहल, साइबर सुरक्षा प्रयोगशाला बनाने को दी मंजूरी

### श्रद्धालुओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी से भी बचाएगा



**तिरुपति, एजेंसी।**
तिरुमाला मंदिर के प्रबंधन तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने एक नई पहल करते हुए वहां आने वाले श्रद्धालुओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने के लिए साइबर सुरक्षा प्रयोगशाला बनाने को मंजूरी दी है। टीटीडी के अध्यक्ष बी आर नायडू की अध्यक्षता में टीटीडी ट्रस्ट बोर्ड ने मंगलवार को साइबर सुरक्षा प्रयोगशाला की स्थापना को मंजूरी दी। इसके अलावा बोर्ड ने बेरोजगार वैदिक पाठियों के लिए भत्ता भी स्वीकृत किया है। बोर्ड ने वैदिक विद्वानों को बेरोजगारी भत्ते के रूप में बंदोबस्ती विभाग के माध्यम से वितरित किए जाने वाले 2.16 करोड़ रुपये के अनुदान को मंजूरी दी है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्रीवारी भक्तों को साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने से बचाने के लिए साइबर सुरक्षा प्रयोगशाला स्थापित करने की मंजूरी दी गई है। बयान में कहा गया है कि वैदिक सुरक्षा के तहत, बेरोजगार वैदिक पाठियों के बीच वितरण के लिए तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम निधि से 2.16 करोड़ रुपये बंदोबस्ती विभाग को दिए गए हैं। धर्मस्व विभाग के निर्देशों के आधार पर, बोर्ड ने श्रीवाणी ट्रस्ट के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ी जातियों के क्षेत्रों में निर्मित श्रीवारी मंदिरों और भजन मंदिरों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत करने का भी निर्णय लिया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन्हें क्रमशः 10 लाख रुपये, 15 लाख रुपये और 20 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। बोर्ड ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तिरुमला में पूरी तरह सुसज्जित विश्राम केंद्र (लाउंज) स्थापित करने के लिए एक स्टडी कराने का भी फैसला किया है। इसके अलावा, बोर्ड ने बालाजी तिरुपति की महिमा का प्रसार करने के लिए विदेशों में श्रीवारी मंदिरों के निर्माण के संबंध में एक विशेषज्ञ पैनल की सिफारिशों पर कार्य करने के लिए एक उप-समिति के गठन को भी मंजूरी दी। यह पहल मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू द्वारा विभिन्न देशों में ऐसे मंदिर स्थापित करने के निर्देशों के अनुरूप है। इसके अतिरिक्त, बोर्ड ने टीटीडी से जुड़े सभी विभागों को एक ही जगह पर लाने और उनके संचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए तिरुमला में एक नए प्रशासनिक भवन के निर्माण को भी मंजूरी दी है।

## नवविवाहिताओं को मिलेगा सोना और सिल्क साड़ी, किस पार्टी ने किया चुनावी वादा?



**चेन्नई, एजेंसी।**
एआईएडीएमके महासचिव एडापड्डी के पलानीस्वामी ने कहा कि अगर 2026 के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो हर नवविवाहित महिलाओं को रेशम की साड़ी गिफ्ट में दी जाएगी। रेशम के बुनकरों को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी ने कहा कि वह उनका जीवन स्तर सुधारने के लिए काम करेंगे।

उन्होंने कहा, राज्य में रेशम हस्तशिल्पकारों के लिए जो कुछ भी हो सकेगा किया जाएगा। नई दुल्हनों को रेशम की साड़ी गिफ्ट में दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम जयललिता द्वारा शुरू की गई शादी सहायता स्कीम की तहत नवविहिताओं को मंगलसूत्र के लिए सोना भी दिया जाएगा। इससे पहले, मुख्यमंत्री एम. के स्टालिन की इस टिप्पणी कि भाजपा अन्नाद्रमुक को निगल जाएगी'' पर प्रतिक्रिया देते हुए विपक्ष के नेता ने कहा, ''स्टालिन कहते हैं कि भाजपा पलानीस्वामी को निगल जाएगी। क्या पलानीस्वामी कोई कीड़ा है जिसे मछली निगल जाएगी? आप ही अपने सहयोगियों को निगल रहे हैं।'' तंजावुर में एक रोड शो के दौरान उन्होंने दावा किया कि राज्य में कांग्रेस की उपस्थिति कम हो रही है, कम्युनिस्ट गायब हो रहे हैं और एक अन्य सहयोगी वीसीके द्रमुक से चिपकी हुई है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन को सोमवार सुबह सैर के दौरान 'हल्का चक्कर' आ गया जिसके बाद उन्हें यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल ने यह जानकारी दी।

## गुरुग्राम के 2 गांवों में चला बुलडोजर, अवैध कॉलोनियां जमींदोज

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम के नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने मंगलवार को द्वारका एक्सप्रेसवे के समीप दो गांवों में अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। विभाग ने गांव धनकोट और गांव खेड़की माजरा में अवैध रूप से पनप रही कॉलोनियों पर बुलडोजर चलवाया। यह तोड़फोड़ अभियान पुलिस बल की मौजूदगी में चलाया गया। यह अभियान डीटीपीई अमित मधोलिया के नेतृत्व में चलाया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, प्रशासन का तोड़फोड़ दस्ता मंगलवार को सुबह 11 बजे गांव धनकोट में पहुंचा। गांव में दो कॉलोनियां अवैध रूप से काटी जा रही थीं जिन पर बुलडोजर चलाया जाने लगा। बुलडोजर ने अवैध निर्माण को जमींदोज करना शुरू कर दिया। कुछ लोग विरोध के लिए आगे आए लेकिन पुलिस बल ने उनको तितिर बितिर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि गांव धनकोट में करीब साढ़े तीन एकड़ में कॉलोनियां काटी जा रही थीं।

## बिना नक्शा पास कराए भी निर्माण की छूट, सिर्फ एक रुपए में कराएं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन




**बरेली, एजेंसी।**
शासनादेश के बाद बरेली विकास प्राधिकरण ने भवन निर्माण उपविधियां-2025 और आदर्श जोनिंग रेगुलेशन-2025 को लागू करके लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। मंगलवार को बीडीए कार्यालय में अधिकारियों ने नई व्यवस्था को लेकर जानकारी दी। प्रेस कांफ्रेंस करते हुए बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. ए मनिकंडन ने बताया कि अब 100 वर्गमीटर तक के आवासीय और 30 वर्गमीटर तक के व्यावसायिक भूखंडों पर बिना नक्शा पास कराए भी निर्माण की छूट मिल गई है। इसके लिए सिर्फ एक रुपए में ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा।

मंगलवार को बीडीए कार्यालय में आयोजित बैठक में उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए ने बताया कि नई उपविधियों के तहत भवन निर्माण प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बना दिया गया है। इससे घर मालिकों, बिल्डरों और निवेशकों को बड़ी राहत मिलेगी। अस्पताल, स्कूल और उद्योग जैसे जरूरी सुविधाओं से जुड़े प्रोजेक्ट्स के लिए त्वरित अनुमोदन प्रणाली लागू की जा रही है, ताकि फाइलें महीनों तक लंबित न रहें। बीडीए की योजनाओं और स्वीकृत लेआउट में बने प्लॉट्स पर अब 500 वर्गमीटर तक के आवासीय और 200 वर्गमीटर तक के व्यावसायिक नक्शे को लाइसेंस प्राप्त आर्किटेक्ट ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। शुल्क का भुगतान होते ही वह नक्शा स्वतः स्वीकृत मान लिया जाएगा, अगर वह नियमों के अनुरूप होगा।

हालांकि व्यवस्था आसान की जा रही है, लेकिन नियम तोड़ने वालों पर सख्ती भी उतनी ही होगी। नक्शा अपलोड करते वक्त यह घोषणा देनी होगी कि निर्माण मास्टर प्लान और सभी नियमों के अनुरूप है। यदि किसी ने गलत जानकारी दी या नियमों की अनदेखी की, तो कार्रवाई तय मानी जाएगी।

## राधिका यादव की दोस्त का आया नया वीडियो, पिता को सही बताने वालों को लताड़ा; सलाह भी दी




**गुरूग्राम, एजेंसी।**
बीती 10 जुलाई को गुरुग्राम में एक टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या करने वाला कोई और नहीं बल्कि खुद लड़की का पिता था। टेनिस खिलाड़ी की पिता द्वारा हत्या के बाद उनकी दोस्त ने एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में राधिका यादव की दोस्त और टेनिस खिलाड़ी हिमांशिका राजपूत ने राधिका के घरवालों पर गंभीर आरोप लगाए थे। हिमांशिका ने राधिका यादव के मामले को लेकर एक नया वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में आरोप राधिका के घरवालों पर ही नहीं हैं, बल्कि समाज में ऐसे लोगों पर भी है, जो राधिका यादव के पिता को सही ठहरा रहे हैं।राधिका यादव की दोस्त और साथी खिलाड़ी हिमांशिका ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। पोस्ट में हिमांशिका ने अपने सोशल मीडिया से वो कमेंट्स उठाए हैं, जो राधिका यादव की पिता द्वारा की गई हत्या को सही ठहरा रहे हैं। राधिका ने इस वीडियो के कैप्शन में लिखा कि मैंने पिछले हफ्ते राधिका यादव को लेकर दो वीडियो पोस्ट किया था, और मैं यह देखकर हैरान रह गई कि मेरा पूरे कमेंट सेक्शन पुरुषों द्वारा पुरुण को बचाव किया जा रहा था। उन्होंने कहा यह ठीक नहीं है। हिमांशिका ने कहा कि न्याय होना चाहिए और पुरुषों को यह समझना हो कि दुनिया सिर्फ उनकी नहीं है। यहां महिलाएं भी मौजूद हैं और महिलाएं अपने अधिकारों के लिए लड़ती रहेंगी। राधिका की दोस्त हिमांशिका ने कहा कि हम चुप नहीं बैठेंगे। हम बोल रहे हैं और हम बोलते रहेंगे।राधिका की दोस्त हिमांशिका ने महिलाओं पर समाज द्वारा लगाए जाने वाली पाबंदियों पर खुलकर बोला। हिमांशिका ने कहा कि पुरुषों या माता-पिता द्वारा बेटियों पर छोटी-छोटी पाबंदियां लगाना स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा लड़कियों को ये बताना कि क्या पहनना है, कहां जाना है और कैसे व्यवहार करने है, ये सब अस्वीकार्य है। हिमांशिका ने कहा कि यह कोई छोटी बात नहीं, बल्कि समस्या का एक बड़ा हिस्सा है ये।हिमांशिका ने पुरुषों को सलाह भी दी है। हिमांशिका का कहना है कि अब वो समय आ गया है, जब पुरुषों को अपने साथी पुरुषों को शिक्षित करना होगा। इसके साथ ही मांएं भी अपने बेटों को महिलाओं का सम्मान करना सिखाएं।

## महाराष्ट्र में बदलते सियासी समीकरण के बीच शरद पवार ने की फडणवीस की तारीफ



**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने हाल ही में अपने विरोधी दल के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की खूब तारीफ की है। शरद पवार ने बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस की कार्यशैली और राजनीतिक यात्रा की प्रशंसा करते हुए उनकी बुद्धिमता की भी तारीफ की है। शरद पवार की यह टिप्पणियां फडणवीस के 55वें जन्मदिन के मौके पर जारी महाराष्ट्र नायक नाम के एक कॉफी टेबल बुक में छपी हैं। वहीं फडणवीस ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि शरद पवार के साथ उनके सिर्फ वैचारिक मतभेद हैं और दोनों के बीच कोई शत्रुता नहीं है।

फडणवीस के जन्मदिन पर जारी इस कॉफी टेबल बुक को वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश महाजन ने जारी करवाया है। इस किताब में पवार का एक लेख भी छपा है। अपने लेख में शरद पवार ने देवेंद्र फडणवीस की ऊर्जा और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता की प्रशंसा की है। उन्होंने लिखा, जब मैं देवेंद्र फडणवीस को उनके काम करने के तरीके को देखता हूं, तो मुझे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में अपने दिन याद आते हैं। उनके जन्मदिन पर, मैं कामना करता हूं कि काम के प्रति उनका उत्साह हर साल बढ़ता रहे। आमतौर पर कहा जाता है कि एक सक्रिय व्यक्ति दुबला-पतला होता है, लेकिन हम दोनों में से कोई भी ऐसा नहीं है, हालांकि हम दोनों ही बहुत सक्रिय हैं। मजाक से इतर, उनके काम करने के तरीके को देखकर कई बार मैं सोचता हूं कि वे थकते कैसे नहीं? शरद पवार ने आगे कहा कि देवेंद्र फडणवीस को बचपन से ही राजनीति की शिक्षा मिली, लेकिन उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती उनके पिता और गुरु के निधन के बाद आई। उन्होंने कहा, जब वे बहुत छोटे थे, तब ही उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिल गई थी। इसलिए उनकी उपलब्धियों और सफलता के लिए उनकी सराहना की जानी चाहिए। देवेंद्र फडणवीस के पास कानून की डिग्री है और वे एक अच्छे वक्ता भी हैं। उनकी बुद्धिमत्ता, धैर्य और संचार कौशल ने उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति में तब भी अपनी पहचान बनाने में मदद की, जब वे सत्ता में भी नहीं थे। राज्य भाजपा अध्यक्ष के रूप में उन्होंने जिस तरह से काम किया, उसने उन्हें महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने में मदद की।

शरद पवार ने आगे कहा कि वे दोनों अलग-अलग धाराओं से हैं, लेकिन वे लोगों के लिए ही काम करते हैं। फिर भी देवेंद्र फडणवीस के काम करने के कौशल को अनदेखा करना नामुमकिन है। इस बीच शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भी फडणवीस को उनके जन्मदिन पर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।

## नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में होती है आत्माओं की पूजा? शादी के बाद पुरुष लेते हैं आशीर्वाद



**नारायणपुर, एजेंसी।**
आत्माओं का घर... सुनने में आपको अटपटा जरूर लग रहा होगा, लेकिन यह बिल्कुल सच है। छत्तीसगढ़ में ऐसी आत्माओं का घर है, जहां इनकी पूजा होती हैं... उन्हें न्यौता दिया जाता है और परिवार की खुशहाली की कामना की जाती है। मरने के बाद शरीर तो मिट जाता है, लेकिन उनकी आत्मा इस घर में रहती है। आत्मा के घर में सिर्फ पुरूष ही जा सकते हैं। शादी-ब्याह के कार्यक्रम में भी इन आत्माओं को आशीर्वाद देने के लिए न्यौता दिया जाता है।

बस्तर संभाग में आदिवासियों की कई परंपराएं हैरान करने वाली हैं। नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में आपको आत्माओं का घर देखने को मिल जाएगा। यहां आदिवासियों में आत्माओं को भी घर देने की परंपरा है। सैकड़ों साल पुरानी इस परंपरा को समाज के लोगों ने आज भी बरकरार रखा है। हिंदू मान्यताओं के मुताबिक ग्रामीण पीतर या पितृपक्ष नहीं मानते हैं, लेकिन अपने पूर्वजों को आत्माओं के घर में रखकर उनकी पूजा जरूर करते हैं। अबूझमाड़ के हर गांव में आत्माओं का घर मिलेगा। यहां हांडियों में पूर्वजों की आत्माओं को रखा गया है। आदिवासी इसे आना कुड़मा कहते हैं। गोंडी शब्द में आना यानी आत्मा और कुड़मा यानी घर होता है। इसे हिन्दी में आत्मा का घर भी कहा जा सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष देवलाल दुग्गा ने बताया कि आदिवासी समाज के लोग इस पवित्र स्थल को लेकर बहुत ही सावधानी बरतते हैं। नई फसल को यहां चढ़ाने से पहले आदिवासी समाज के लोग इसका उपयोग नहीं करते हैं। मान्यता है कि यहां परदादा, दादा, माता-पिता के जीव को साक्षात रखते हैं। 12 महीनों पूजा करते हैं। त्योहार में विशेष पूजा होती है। आदिवासी समाज में कुड़ा, आना कुड़मा को लेकर गहरी आस्था है। वहीं ग्रामीणों का मान्यता है कि भूलवश या जानबूझकर कोई आना कुड़मा में चढ़ावा दिए बगैर नई फसल का उपयोग कर लेता है तो गांव में संकट आ जाता है। इसके निपटारे के लिए ग्रामीण गायता के पास जाते हैं।

# कृषि मंत्री के विवादित बयान से नाराज हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस



**मुंबई, एजेंसी।**
एनसीपी (अजित पवार गुट) के नेता और महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे एक बार फिर अपने विवादित बयानों और बर्ताव को लेकर सुर्खियों में हैं। मंगलवार को कोकाटे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि राज्य सरकार भिखारी है, जिससे राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया। उनके इस बयान को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। फडणवीस ने कहा कि मंत्रियों का इस तरह से बोलना अनुचित है। साथ ही उन्होंने कहा कि चुनौतियों के बावजूद महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है। हाल ही में विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान कोकाटे मोबाइल पर ऑनलाइन रम्मी खेलते नजर आए थे, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद उन पर विपक्ष और सोशल मीडिया यूजर्स ने निशाना साधा था। मंगलवार को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सफाई देते हुए कहा, मैं रम्मी नहीं खेल रहा था, बल्कि गेम का पॉपअप हटाने की कोशिश कर रहा था। जिन लोगों ने वीडियो डाला है, उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा करूंगा।

कोकाटे ने अपने एक पुराने बयान में कहा था कि अब तो 1 रुपये भिखारी भी नहीं लेते, लेकिन राज्य सरकार ने किसानों को 1 रुपये में फसल बीमा दिया है और कुछ किसानों ने इसका दुरुपयोग किया है। इस बयान को लेकर भी उनसे सवाल पूछे गए। इस पर उन्होंने सफाई दी कि, असल में राज्य ही भिखारी है, क्योंकि वह किसानों से 1 रुपये ले रहा है। नासिक जिले के सिन्नर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले मंत्री ने कहा कि एक रुपये की फसल बीमा योजना के लिए पांच लाख से 5.3 लाख फर्जी आवेदन प्राप्त हुए थे और उन्होंने उन्हें खारिज कर दिया तथा कई सुधारात्मक कदम उठाए। दो वर्ष पहले शुरू की गई एक रुपये की फसल बीमा योजना को कुछ महीने पहले समाप्त कर दिया गया और उसके स्थान पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कोकाटे के बयान पर कड़ी नाराजगी जताते हुए गढ़चिरौली में संवाददाताओं से कहा, अगर उन्होंने ऐसा कहा है कि राज्य भिखारी है, तो यह बेहद गलत है। हम हर साल कृषि क्षेत्र में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं और अगले पांच वर्षों में कुल 25,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। ऐसे बयान किसानों के आत्मसम्मान और राज्य की प्रतिष्ठा के खिलाफ हैं।

राकांपा (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राज्य को भिखारी कहना असंवेदनशीलता है। उन्होंने कहा, यह राज्य के अब तक के सभी मुख्यमंत्रियों और राज्य की जनता की कड़ी मेहनत का अपमान है। हम इस अपमान को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। जब मंत्री का काफिला नासिक रोड की ओर जा रहा था, तो विपक्षी शिवसेना (उबाठा) के कुछ कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए उनके काफिले पर ताश के पत्ते फेंकने की कोशिश की।

राकांपा (शरदचंद्र पवार) विधायक रोहित पवार ने रविवार को अपने 'एक्स' हैंडल पर एक वीडियो क्लिप पोस्ट की जिसमें कोकाटे विधानमंडल के मानसून सत्र के दौरान अपने मोबाइल फोन पर ऑनलाइन 'रमी' खेलते नजर आ रहे हैं।

# अवैध दूतावास का STF ने किया भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

- घर से 44.70 लाख रुपये, विदेशी मुद्राएं व चार डिप्लोमेटिक नम्बर प्लेट लगीं गाड़ियां बरामद
- गिरफ्तार हर्षवर्धन खुद को वेस्ट आर्कटिक, सोबोरगा, पॉल आदि देशों का बताता था एम्बेसडर
- चंद्रास्वामी और अदनान खगोशी (इंटरनेशनल आर्म्स डीलर) से भी थे संपर्क

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷





दिल्ली से सटे नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी और तमाम अवैध धंधों का हब बनता जा रहा है। पुलिए ऐसे लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश एसटीएफ की नोएडा इकाई ने मंगलवार की रात में दिल्ली से सटे गाजियाबाद की एक पॉश कालोनी कविनगर में चल रहे एक अवैध दूतावास का भंडाफोड़ किया है।

एसटीएफ ने इस अवैध दूतावास के संचालक को गिरफ्तार कर वहां से 44 लाख 70 हजार रुपये सहित कई डिप्लोमेटिक गाड़ियों की नंबर प्लेट और गाड़िया बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपित खुद को कई देशों का एम्बेस्डर बताता था। एसटीएफ आरोपित से पूछताछ कर रही है।

उत्तर प्रदेश एसटीएफ की टीम जिले के कवि नगर थाने में सूचना देने के बाद मंगलवार रात करीब 10 बजे कविनगर में स्थित एक कोठी नंबर केबी 45 पर बने कथित दूतावास पर पहुंची। एसटीएफ के साथ कवि नगर थाने का एक सब इंस्पेक्टर और एक सिपाही भी मौके पर पहुंचे।

यहां एसटीएफ ने हर्षवर्धन जैन नामक युवक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की तो सारा मामला खुलकर सामने आ गया। इसके बाद एसटीएफ ने अवैध दूतावास संचालक हर्षवर्धन जैन को गिरफ्तार कर लिया है।

एसटीएफ ने उसके मकान से 44 लाख 70 हजार रुपये नकद, कई देशों की विदेशी मुद्रा, 20 डिप्लोमेटिक गाड़ियों की नंबर प्लेट, चार डिप्लोमेटिक नम्बर प्लेट लगी गाड़ियां, माइक्रोनेशन देशों के 12 डिप्लोमेटिक पासपोर्ट, विदेश मंत्रालय की मोहर लगे कूटरचित दश्तावेज, कूटरचित दो पैनकार्ड, विभिन्न देशों और कई कंपनियों की 34 मोहरें, 2 कूटरचित प्रेस कार्ड, कई देशों की विदेशी मुद्रा सहित अन्य सामान बरामद किया। छापे के दौरान उसके मकान में उसके ससुर आनंद जैन, भाटिया मोड़ निवासी ईश्वर सिंह और घरेलू सहायक हेमंत कुमार राजवंशी भी मिले।

ईश्वर और हेमंत को एसटीएफ ने गवाह बनाया। इस संबंध में उत्तर प्रदेश के एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि गिरफ्तार हर्षवर्धन जैन कवि नगर में एक किराए की कोठी में अवैध रूप से वेस्ट आर्कटिक का दूतावास चला रहा था। वह अपने आप को कई देशों एम्बेसडर बताता था। वह लोगों को प्रभाव में लेने के लिए प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति और कई अन्य गणमान्यों के साथ एडिट कर अपनी फोटो का भी प्रयोग करता था। एडीजी ने बताया कि इस संबंध में थाना कविनगर गाजियाबाद में अभियोग पंजीकृत कराकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार हर्षवर्धन पुत्र जेडी जैन कविनगर इलाके में एक किराए के मकान में अवैध रूप से वेस्ट आर्कटिक दूतावास चला रहा था। इसके अलावा वह अपने आप को वेस्ट आर्कटिका, सोबोरगा व पॉल आदि देशों का कॉन्सुल/ एम्बेसडर बताता था। वह एयर और कई डिप्लोमेटिक नम्बर प्लेट लगी गाड़ियों से चलता था।

एसटीएफ के मुताबिक लोगों को प्रभाव में लेने के लिए वह प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और कई अन्य गणमान्य लोगों के साथ अपनी मॉर्फ़ की हुई फोटो को उसने अपने कार्यालय में लगा रखे थे। उसने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित अन्य देश के जाने माने लोगों के फोटो एडिट कर अपने पोस्ट किए थे। हर्षवर्धन का मुख्य काम कंपनियों और प्राइवेट व्यक्तियों को बाहर के देशों में काम दिलाने के नाम पर दलाली करना तथा शेल कंपनियों के माध्यम से हवाला रैकेट भी चलाता था। पुलिस के अनुसार एसटीएफ की पूछताछ में हर्षवर्धन के पूर्व में चंद्रास्वामी और अदनान खगोशी (इंटरनेशनल आर्म्स डीलर) से भी संपर्क में होने का भी पता चला है। एसटीएफ ने अवैध दूतावास पर कार्रवाई करने से पहले इस संबंध में केंद्रीय एजेंसियों से इसकी पुष्टि की।

एजेंसी से पता चला कि बिना विदेश मंत्रालय की अनुमति के दूतावास नही चलाया जा सकता। यह भारत की संप्रभुता के विरुद्ध है। वर्ष 2011 में हर्षवर्धन के पास एक अवैध सेटेलाइट फ़ोन भी बरामद हुआ था, जिसका मुकदमा थाना कविनगर में पंजीकृत है। एसटीएफ मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## गौशाला अंडरपास जलभराव से बंद, रास्ता बंद, पुलिस तैनात





✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

शहर में मंगलवार देर रात से हो रही लगातार भारी बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। सबसे ज्यादा असर गौशाला अंडरपास पर देखा गया, जहां जलभराव के चलते प्रशासन को अंडरपास को दोनों ओर से बंद करना पड़ा है। यातायात व्यवस्था चरमरा गई है, और पुलिस ने सुरक्षा को देखते हुए भारी संख्या में जवान तैनात किए हैं।

गौशाला अंडरपास, जो गाजियाबाद का एक प्रमुख संपर्क मार्ग है, भारी बारिश के चलते पूरी तरह पानी में डूब गया है। अंडरपास में कई फीट तक पानी भर गया, जिससे वाहनों का आवागमन असंभव हो गया।

स्थानीय लोग बताते हैं कि हर साल मानसून में जल निकासी की खराब व्यवस्था के चलते ऐसी स्थिति बनती है, लेकिन समाधान नहीं होता। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अंडरपास के दोनों छोर पर बैरिकेडिंग लगाकर राश्ता बंद कर दिया है। यातायात को मेरठ रोड तिराहा और अन्य वैकल्पिक मार्गों की ओर डायवर्ट किया गया है।

हालांकि, इन राश्तों पर भी कांवड़ यात्रा और बारिश के चलते भारी ट्रैफिक जाम देखा जा रहा है। पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए अंडरपास के आसपास और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए मोबाइल टीम और स्थानीय पुलिसकर्मी लगातार निगरानी कर रहे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए गाजियाबाद सहित उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि जब तक जरूरी न हो, घरों से बाहर न निकलें और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें।

## कपड़े सुखाते समय महिला की मौत, तार में करंट लगने से जान गई, दो बच्चे हुए अनाथ

✷ **एनसीआर टुडे. मंडावली** ✷। थाना क्षेत्र मंडावली के हकीमपुर गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां कपड़े सुखाते समय लोहे के तार में करंट लगने से 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब जयराम की पत्नी वर्षा घर में कपड़े सुखा रही थी। घटना के वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था। करंट लगने से वह बेहोश हो गई। पड़ोसियों ने इसकी सूचना महिला के पति दयाराम को दी। वह उस समय काम पर गए हुए थे। सूचना मिलते ही दयाराम मौके पर पहुंचे। वे बेहोश पत्नी को अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला का पति मजदूरी करता है। उनके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। ग्रामीणों ने घटना की सूचना मंडावली पुलिस को दी। पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर महिला का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

## डग्गामार वाहनों की भरमार, परिवहन विभाग को भारी नुकसान

✷ **एनसीआर टुडे. नूरपुर** ✷। क्षेत्र में स्थित एक पेट्रोल पंप के पास से दिल्ली के लिए डग्गामार वाहनों का अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। बिना परमिट और वैध कागजातों के ये वाहन प्रतिदिन यात्रियों को लेकर रवाना हो रहे हैं। इससे जहां आम जनता की जान जोखिम में पड़ रही है, वहीं परिवहन विभाग को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस गैरकानूनी धंधे को सफेद पोश नेताओं या खाकी वर्दी वालों का संरक्षण प्राप्त हो सकता है। ऐसा प्रतीत होता है कि जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर इस पर कार्रवाई नहीं कर रहे, जिससे अवैध वाहन स्वामी और संचालक खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। यह स्थिति न केवल परिवहन व्यवस्था के लिए खतरा है, बल्कि कानूनी रूप से कार्यरत वाहन मालिकों के साथ भी अन्याय है। जनता और स्थानीय संगठनों ने प्रशासन से तत्काल जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि इस अवैध धंधे पर रोक लगाई जा सके और परिवहन विभाग को हो रहे राजस्व हानि को रोका जा सके।

## श्रावण के दूसरे सोमवार को नगर के प्रसिद्ध बड़े मन्दिर समेत आधा दर्जन मन्दिरों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

✷ **एनसीआर टुडे. नगीना** ✷। श्रवण के दूसरे सोमवार को जी मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित डॉ मनोकामना तीर्थ श्री मुक्तेश्वर नाथ जी मंदिर मे श्रद्धालुओं ने जल अभिषेक कर देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। श्रवण माह के दूसरी सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने उपवास रखा नगर के प्राचीन मनोकामना तीर्थ मुक्तेश्वर नाथ जी मंदिर, श्री लोकेश्वर नाथ जी मंदिर, सिंचाई कॉलोनी स्थित शिव मंदिर मोहल्ला जोशियांन शिव मंदिर, वाल्मीकि बश्ती स्थित शिव मंदिर, समेत नगर क्षेत्र के सभी मन्दिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंच कर पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया एवं बेल पत्र, फूल, के साथ जलाभिषेक किया श्रद्धालुओं ने देश के खुशहाली और तरक्की और सुख शांति के लिए प्रार्थना की।

## विपिनचंद त्रिपाठी ने विधि विधान के साथ जल अभिषेक एवं पूजा संपन्न कराई गई

✷ **एनसीआर टुडे. मंडावर** ✷। मंडावर में कांवड़ियों ने लगाया जाम, युवक पर अभद्रता का आरोप, सड़क पर कावड़ रखी, एसपी के समझाने पर माने मंडावर।थाना क्षेत्र मंडावर के दयालवाला में कांवड़ियों और एक स्थानीय युवक के बीच विवाद हो गया। हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़िए जब दयालवाला पहुंचे, तो एक व्यक्ति ने उनसे अभद्र व्यवहार किया। कांवड़ियों ने मारपीट का आरोप भी लगाया है। इस पर नाराज कांवड़ियों ने सड़क पर कांवड़ रखकर जाम लगा दिया।घटना की सूचना मिलते ही एसपी सिटी संजीव वाजपेयी, सीओ राकेश वशिष्ठ और मंडावर कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने कांवड़ियों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। करीब एक घंटे समझाने के बाद कांवड़िए शांत हुए और जाम खत्म हुआ। कांवडिए मंडावर थाना क्षेत्र के गांव सीमला कल नई बश्ती के रहने वाले थे। वीर को देखते हुए अन्य थानों की पुलिस भी मौके पर तैनात रही।

## हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय, मंदिरों में उमड़ी भीड़

✷ **एनसीआर टुडे. नहटौर** ✷। बुधवार को महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। शहर के सभी शिवमंदिरों में हर-हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने शिवलिग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। झारखंड शिव मंदिर, चामुंडा मंदिर, हाथी वाला मंदिर, जोशियांन, पर सुबह से ही शिव मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह छह बजे के बाद शिव मंदिर में महिला व पुरुषों की लंबी लाइन लग गई। इस दौरान पूजा को पहुंचे महिला व पुरुष हर-हर महादेव तथा जय भोले शंकर का जयकारा लगाते रहे। श्रद्धालु बेलपत्र, धतूर, भांग, बैर, अक्षत, धूप, दूध तथा जल से पूजा अर्चना करने में जुटे रहे। साथ ही नगर क्षेत्र के शिव मंदिरो पर भी जलाभिषेक को लोगों का तांता लगा रहा। इस मौके पर शिव मंदिरों के इर्द-गिर्द मेले का भी आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि को देखते हुए मंदिर के आसपास दुकानदारों ने अपनी दुकानें भी सजा रखी थी।

## बारिश से मौसम में बदलाव, तापमान 35 से घटकर 28 डिग्री पहुंचा

✷ **एनसीआर टुडे. बिजनौर** ✷। बुधवार को बिजनौर में मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहे। दोपहर एक बजे से तीन बजे तक बारिश हुई। इससे लोगों को पिछले दो दिनों की तेज गर्मी से राहत मिली। कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना के आंकड़ों के मुताबिक, तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई। 20 जुलाई को अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री था। यह 23 जुलाई को घटकर 28 डिग्री हो गया। न्यूनतम तापमान 24.5 से बढ़कर 26.2 डिग्री पहुंच गया। बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ और लोगों को घरों में रहना पड़ा। 23 जुलाई को 1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

## झोलाछाप की लापरवाही से नवजात शिशु की मौत महिला की हालत गंभीर





✷ एनसीआर टुडे. स्योहारा ✷

शासन-प्रशासन झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ चाहे कितने भी अभियान चला ले, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी उनकी तूती बोलती है। न मानक और न कोई संसाधन। बिना डिग्री के धड़ल्ले से लोगों का उपचार कर उनकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

लोगों ने झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। बिना डिग्री के वह मरीजों का अपने श्तर पर उपचार करते हैं।

तीर लग गया तो अच्छी बात और यदि हालत बिगड़ जाती है तो उसे बाहर ले जाने की सलाह दे देते हैं। मजे की बात इन झोलाछाप डॉक्टरों का बड़े शहरों में क्लीनिक खोले बैठे डॉक्टरों से भी संपर्क होता है। जब कोई मरीज गंभीर हो जाता है और उसके बस में नहीं होता है तो वह मरीज के परिजनों को सलाह दे देते हैं कि उक्त डॉक्टर के पास मरीज ले जाओ।

यह सब खेल शासन प्रशासन की आंख में धूल झोंककर ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से चल रहा है। ऐसा ही एक मामला सहसपुर में देखने को मिला है। जहां झोलाछाप चिकित्सक की लापरवाही के कारण एक नवजात शिशु की मौत हो गई और महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद आरोपी झोलाछाप चिकित्सक अपनी दुकान बंद कर मौके से फरार हो गया। जबकि महिला को दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

ग्राम प्रधान आदिल ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र लिख ऐसे झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है जो लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि पूर्व में भी इस झोलाछाप चिकित्सक की वजह से एक नवजात शिशु की मौत हो चुकी है। सोमवार को सहसपुर में एक झोलाछाप चिकित्सक की लापरवाही के कारण नवजात शिशु की मौत हो जाती है।

बिजनौर सीएमओ ने सहसपुर जिया नर्सिंग होम को नवजात शिशु के मौत के कारण सीज कर दिया गया है और उन्होंने कहा कि जांच की प्रक्रिया चल रही है

## कांवड लेने गये युवक की गंगा में डूबकर मौत परिवार में कोहराम

✷ एनसीआर टुडे. हल्दौर ✷

हरिद्वार से कावड़ लेने गए एक युवक की गंगा में नहाने के लिए कूदने से



दुःखद मौत हो गई। युवक का शव गांव में आने पर परिजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांव निवासी मुकेश सैनी का 18 वर्षीय पुत्र विकास 20 जुलाई को गांव के अन्य युवकों के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेने गया था।

वह 21 जुलाई को हरिद्वार से जत्थे के साथ कांवड़ लेकर आ रहा था। साथी युवकों ने बताया कि जब वह कांवड़ लेकर चंडी के पुल पर पहुंचा तो सड़क किनारे कांवड़ रखकर नहाने के लिए गंगा में कूद गया।

बताया जाता है कि गंगा में पड़े पत्थरों से सिर टकराने से वह लहूलुहान हो गया। उसे उपचार के लिए पहले हरिद्वार के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उसे मेरठ को रेफर कर दिया। बुधवार को इलाज के दौरान विकास की मौत हो गई। मेरठ से गांव में विकास का शव घर आने पर परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बच्चों के मामूली विवाद के दौरान एक अधेड़ व्यक्ति की मौत

**मृतक के पुत्र की तहरीर पर पति-पत्नी बेटे सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया**

✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷





नगर के मोहल्ला नायक सराय में बच्चों के मामूली विवाद के दौरान एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि विवाद के दौरान मृतक अधेड़ के दोनों पुत्र भी घायल हो गए।

पुलिस ने मृतक अधेड़ व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक के पुत्र मोहम्मद फैज की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। नगर के मोहल्ला नायक सराय निवासी मोहम्मद फैज पुत्र रफीक ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके पिता रफीक कुरैशी घर के नजदीक मौहल्ले में ही एक परचून की दुकान चलाने का काम किया करते थे।

बुधवार को दोपहर साढ़े बारह बजे के करीब बच्चो के खेलने को लेकर मौहल्ले के ही साहिल पुत्र मुश्तफा से कहासुनी हो गई थी। शोर शराबे के आवाज सुनकर तभी साहिल के पिता मुश्तफा भी मौके पर आ गए। और पीड़ित के भाई मोहम्मद कैफ के साथ मारपीट करने लगा तभी पीड़ित के पिता रफीक अहमद कुरैशी पुत्र अब्दुल शकूर भी आ गये और समझाने लगे।

इसी दौरान मुश्तफा और उसके बेटे साहिल, पत्नी फरजाना ने मेरे पिता रफीक कुरैशी के साथ धक्का मुक्की व डंडों से मारपीट की।

इसी दौरान पीड़ित के पिता रफीक अहमद कुरैशी घबराने लगे दोराने उपचार उनकी मौत हो गयी है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सीओ अफजलगढ़ राजेश सिंह सोलंकी व थानाध्यक्ष सुमित राठी ने परिजनों से घटना की जानकारी ली। जबकि विवाद के दौरान मृतक अधेड़ रफीक अहमद कुरैशी के दोनों पुत्र मोहम्मद फैज उम्र 20 वर्षीय व मोहम्मद कैफ उम्र 18 वर्षीय भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने मृतक अधेड़ रफीक अहमद कुरैशी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर में भेज मृतक के पुत्र मोहम्मद फैज की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

मृतक रफीक अहमद कुरैशी अपने पीछे पत्नी तीन पुत्र तथा एक पुत्री सहित अपना पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गया है।

उधर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक व्यक्ति रफीक अहमद के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर में भिजवा दिया गया है। मृतक रफीक अहमद के पुत्र मोहम्मद फैज की तहरीर पर मौहल्ले के ही आरोपी मुश्तफा उसके बेटे साहिल तथा उसके पत्नी फरजाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## कांवड़िए की बाइक ट्रैक्टर ट्राली से टकराई, एक युवक की मौत, साथी घायल, भूतपुरी पुल पर हुआ हादसा

✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷

अफजलगढ़ क्षेत्र में सावन कांवड़ यात्रा के दौरान एक दर्दनाक हादसे में कांवड़िए की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा भूतपुरी पुल पर बुधवार सुबह हुआ। जब कांवड़िए की बाइक ट्रैक्टर-ट्राली से पीछे से जा टकराई।

जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान उत्तराखंड के काशीपुर निवासी राज पुत्र गजेंद्र सिंह के रूप में हुई है। वे 17 जुलाई को हरिद्वार से गंगाजल लेने निकले थे और लौटते समय भूतपुरी पुल के पास उनकी बाइक आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्राली से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदश्ती थी की राज की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठे अमरपाल पुत्र प्रेम सिंह, गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अमरपाल को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। राज के घर में मातम पसरा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। ट्रैक्टर ट्राली चालक की तलाश भी शुरू कर दी गई है, जो हादसे के बाद मौके से फरार बताया जा रहा है।

## तहसीलदार को सौंपा 6 सूत्री ज्ञापन, लेखपालों पर कार्रवाई की मांग

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के कार्यकर्ताओं ने नगीना में तहसीलदार को 6 सूत्री ज्ञापन सौंपा। दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता दोपहर को एसडीएम कंपाउंड में एकत्र हुए। किसानों ने तहसीलदार आशीष सक्सेना को बताया कि खतौनी में अवैध तरीके से रिश्तेदारों के नाम बढ़ाए गए हैं।

इससे वाश्तविक अंशधारकों की जमीन कम हो गई है। उन्होंने लेखपालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में आरोप लगाते हुए कहा गया कि कुछ खतौनियों से बिना लोन जमा किए नाम हटाकर जमीन का अवैध विक्रय कर दिया गया। लेखपाल आय और जाति प्रमाण पत्रों की रिपोर्ट लगाने में देरी कर रहे हैं।

## रोहित रवि को गुरु रविदास विश्व महा पीठ भारत का ज़िला समनाव्यक सदस्य बनाया गया

**एनसीआर टुडे. नगीना।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'स्पोर्ट्स फॉर स्कूल' (SFS) योजना के तहत नगीना बिजनौर निवासी रोहित कुमार रवि राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ भारत को जिला समन्वयक सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर डी.पी.एस. टेक मैनेजमेंट सिस्टम के श्री देवेंद्र सिंह के द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

## जन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष ने नगर पलिका में हो रहे भ्रष्टाचारके खिलाफ एसडीएम को दिया पत्र

**एनसीआर टुडे. नगीना।** जन सेवा ट्रस्ट नगीना के अध्यक्ष परवेज पासी ने नगर पलिका में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ एस डी एम नगीना को दिया प्रार्थना पत्र। विज्ञापन में दर्शाया गया है कि नगरपालिका नगीना में वर्तमान में भ्रष्टाचार का बोलबाला हो रहा है नगर पालिका के अध्यक्ष और कर्मचारियों से हमसाज होकर सरकारी पैसों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

तरह-तरह के खातों से रुपए निकाल कर अपने कामों में इश्तेमाल कर रहे हैं। जिससे नगीना नगरपालिका का विकास बिल्कुल ठप हो गया है यदि कोई व्यक्ति इस भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलता है तो उस पर फर्जी मुकदमा लिखवा कर उसे जेल भेज दिया जाता है । इस संबंध में प्रार्थी को जानकारी हुई मार्च 2025 से बजट बोर्ड की बैठक अभी तक नहीं हुई है तो फिर भी बजट पास होने से पहले राज्य वित्त के 55 लख रुपए का भुगतान बैक दिनांक में सीएमएस बनाकर जाकिर ठेकेदार के नाम आखिर भुगतान कैसे हो गया।

55 लाख रुपए की कोई फाइल नहीं बनी और ना ही शहर में 55 लाख रुपए का कोई राज्यवित्त से विकास हुआ और मेरी जानकारी यह भी है इससे पूर्व में भी ईद के मौके पर नियम विरुद्ध सरकारी पैसा निकाला गया उन्होंने एस डी एम नगीना से अपील करते हुए कहा मई, जून 2025 के राज्य वित्त के खाते की स्टेटमेंट निकालकर पालिका के पूर्वअधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना पर कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है ।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यलय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते है।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा संख्या:** 6S-Efile-313344Tender |
| 2 | **कार्य का नाम और कार्य स्थान:** "कार्य के दायरे के अनुसार एलएचबी एसी चेयर कार का नवीनीकरण" |
| 3 | **अनुमानित लागत:** रुपये 10,22,89,434.58/- जीएसटी @18% सहित |
| 4 | **बयाना राशि:** रु. 6,61,500/- |
| 5 | **निविदा फार्म का मूल्य:** शून्य |
| 6 | **कार्य अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने से चौबीस महीने |
| 7 | **निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय:** दिनांक 14.08.2025 समय 15:00 बजे। |
| 8 | **निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट:** उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है **www.ireps.gov.in** |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। |

**पत्र सं.: 6S-Efile-313344Tender दिनांक: 23.07.2025** 2228/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

### बिहार, अपराध और राजनीति

बिहार में नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। उम्मीद की जा रही है कि चुनाव आयोग बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों के लिए इसी वर्ष (2025) के अंत तक यानी अक्टूबर और नवंबर में चुनाव करा सकता है। आगामी चुनावों के मद्देनज़र राज्य में चुनावी सरगर्मियां काफ़ी तेज हो गयी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या कांग्रेस नेता राहुल गाँधी या अन्य दलों के शीर्ष नेता सभी चुनावी माहौल को अपने पक्ष में करने की जी तोड़ कोशिश में लग चुके हैं।

जब भी बिहार का चुनाव क़रीब आता है मीडिया में 'गुंडाराज' और जंगल राज जैसे शब्द सुनाई देने लगते हैं। चाहे वह वर्तमान भाजपा-जे डी यू सरकार के लोगों द्वारा एक दशक से भी पहले के लालू यादव राज को याद कर उसे 'गुंडा राज' सम्बोधित कर मतदाताओं में दहशत फैलाने की ग़रज़ से की जाने वाली चर्चा हो या फिर विपक्ष द्वारा नितीश सरकार के शासन में बेख़ौफ़ अपराधियों द्वारा अंजाम दी जाने वाली दुस्साहसिक अपराधी घटनाओं के हवाले से सत्ता पर 'गुंडाराज' को संरक्षण देने की बात हो। परन्तु बिहार चुनावों में गुंडाराज की चर्चा छिड़ना लगभग स्वाभाविक सा हो गया है। हालाँकि देश के कई अन्य राज्यों में भी अपराध और राजनीति का गहरा सम्बन्ध है। परन्तु बिहार में घटने वाली कुछ आपराधिक घटनाएं ऐसी होती हैं जो पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचती है

उदाहरण स्वरूप बिहार की राजधानी पटना में 17 जुलाई 2025 को उस सनसनीखेज घटना को ही देख लीजिये जबकि पांच सशस्त्र अपराधियों द्वारा पारस एचएमआरआई अस्पताल के आई सी यू में घुसकर चंदन मिश्रा नाम के गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। यह घटना सुबह करीब 7:15 बजे पुलिस मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर दूर हुई। इस घटना के बाद बिहार की क़ानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक था। जिस दुस्साहसिक अंदाज में पांच हमलावर, बिना चेहरा ढके हुये, बेख़ौफ़ अंदाज में अस्पताल की दूसरी मंज़िल पर पहुंचे और केवल चंद सेकेंड में इस हत्या को अंजाम देकर बड़ी ही आसानी से अस्पताल से बाहर चले गये इससे राज्य की क़ानून व्यवस्था पर सवाल उठना लाज़मी था।

कांग्रेस ने नितीश सरकार पर क़ानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया तो राजद ने हमलावरों को 'सरकारी अपराधी' क़रार देते हुए कहा कि बिहार में 'जंगलराज' की वापसी हो रही है। कई नेताओं ने इस घटना को नीतीश कुमार सरकार की नाकामी का सबूत बताया। ऐसी घटनाएं बिहार में अपराधियों के बढ़ते हौसले के साथ साथ अस्पतालों की सुरक्षा और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाती हैं। आश्चर्य की बात तो यह कि इस शूट आउट से केवल एक दिन पहले यानी 16 जुलाई 2025 को ही बिहार पुलिस ने यह दावा किया था कि संगठित अपराध और पेशेवर शूटरों पर शिकंजा कसा जा रहा है। परन्तु इस घटना ने तो पुलिस के दावों की पोल ही खोल कर रख दी। उसी दिन यानी 17 जुलाई को ही पटना में एक और हत्या की घटना पेश आई। इस घटना में दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक शिवम उर्फ बंटी नामक युवक की अपराधियों द्वारा तेज धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। इसी तरह 21 जुलाई 2025 को आदित्य कुमार नामक एक युवक की दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के सदावह गांव में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की गई।

इन्हीं चुनावी माहौल के बीच एक और अप्रत्याशित ख़बर ने राज्य में धमाका कर दिया है। बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश मिश्रा सहित 9 लोगों को राजस्थान की राजसमंद कोर्ट ने 4 जून 2025 को 15 साल पुराने यानी 2010 के एक नक़ली दवा मामले में दोषी ठहराया है। ख़बरों के अनुसार जीवेश मिश्रा पहले दवा कारोबार से जुड़े थे और दिल्ली की आल्टो हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक थे। इस मामले ने बिहार की राजनीति में हलचल मचा दी है, और विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने उनके इस्तीफ़े की मांग तेज कर दी है। विपक्ष का कहना है कि कि जीवेश मिश्रा को दोषी ठहराए जाने के बावजूद नीतीश कुमार की सरकार और बीजेपी उन्हें संरक्षण दे रही है।

कोई जीवेश मिश्रा को 'मौत का सौदागर' कह रहा है तो कोई उन्हें 'नक़ली दवा माफ़िया' क़रार देकर उसे बर्ख़ास्त करने की मांग कर रहा है। इस मामले में 1 से 3 साल तक की सज़ा और 20, 000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता था परन्तु जीवेश मिश्रा को केवल जुर्माना देकर छोड़ दिया गया। आख़िर ऐसा क्यों? उधर जीवेश मिश्रा ने इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि वे कोर्ट में जवाब देंगे। बहरहाल इस मामले ने ख़ासकर 2025 विधानसभा चुनाव से पहले बिहार की राजनीति में नया तूफ़ान ज़रूर खड़ा कर दिया है।

चुनावी वातावरण के बीच बिहार में भारतीय जनता पार्टी के और भी कई नेताओं पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगे हैं। मिसाल के तौर पर आरा में भाजपा नेता बबलू सिंह ने कार में रगड़ लगने जैसी मामूली घटना के बाद दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। जंगल राज का इससे बड़ा सुबूत और क्या हो सकता है? इसी तरह एक अन्य मामले में, भाजपा नेता आलोक कुमार चौहान पर शराब तस्करों को छुड़ाने के लिए 150 लोगों के साथ थाने पर हमला करने, थानाध्यक्ष को पीटने और उनकी वर्दी फाड़ने का आरोप लगा। उधर कुछ दिन पूर्व बिहार सरकार में मंत्री और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी के भाई पर जमीन हड़पने, अपहरण, हत्या और रंगदारी जैसे संगीन मामलों में शामिल होने का आरोप लगा।

एक घटना में मंत्री रेणु देवी के भाई पर बेतिया में एक व्यक्ति का अपहरण कर होटल में ले जाकर मारपीट करने जैसा गंभीर आरोप लगा। हाल के आंकड़ों में बिहार में जिन 31 हत्याओं का उल्लेख किया गया, उनमें से कुछ में राजनीतिक नेताओं के कथित संबंध भी सामने आए। इसी तरह पिछले दिनों पटना में भाजपा नेता विक्रम झा की हत्या और व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या जैसे मामलों ने क़ानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए। ऐसे में जहां राजद नेता तेजस्वी यादव भाजपा को 'गुंडों, अपराधियों और बलात्कारियों की पार्टी' क़रार दे रहे हैं वहीँ जवाब में भाजपा ने राजद-कांग्रेस गठबंधन को 'अपराध की संस्कृति' का जनक बताया है। कहा जा सकता है कि सुशासन के लाख दावों के बावजूद दुर्भाग्यवश बिहार में आज भी अपराध और राजनीति का चोली दामन का साथ है।

# अतिवृष्टि की बाढ़ से घिरा जनजीवन

**विकेश कुमार बडोला**

जब से ऋतुचक्र बिगड़ा है तब से वर्षा का वर्षण भी अनिश्चित हो चुका है। इसी वर्षा ऋतु से पहले चारों ओर अतिवृष्टि के कारण आई बाढ़ ने जनजीवन के लिए मृत्यु से लेकर अनेक अन्य संकट उत्पन्न कर दिए हैं।

पंचांग तथा वार्षिक अंकपत्र के अनुसार श्रावण मास अब कुछ दिन पूर्व ही आरंभ हुआ है, किंतु अत्यधिक वर्षा के कारण देश के अधिसंख्य प्रांत ही नहीं बल्कि अन्य देशों के कई प्रांतों में भी बाढ़ की स्थितियां-परिस्थितियां निर्मित हुई हैं। मई के अंत से लेकर पूरे जून माह तक राजधानी दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बिहार, असम में अनिश्चित, अनियंत्रित तथा उथल-पुथल मचाने वाली वर्षा ने जनजीवन को संकट में डाल दिया था। और अब जुलाई के पहले पंद्रह दिनों में भी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पूर्वोत्तर राज्यों में अधिक वर्षा के कारण बाढ़ से ग्रश्त क्षेत्रों के लोगों का जीवन नारकीय हो गया है। अप्रैल के बाद अब सावन के आगमन तक देश में बादल फटने, बिजली गिरने तथा अतिवृष्टि के कारण आई बाढ़ से हजारों लोग मारे जा चुके हैं।

भारत ही नहीं, बल्कि पाकिश्तान, दक्षिण कोरिया इत्यादि देशों में भी अत्यधिक वर्षा के कारण आई जलप्रलय में कई सौ लोग मारे गए हैं। नगर, उपनगर, बड़े-बड़े आवासीय क्षेत्र विशाल जलराशि में डूबे हुए हैं। लाखों-करोड़ों रुपए मूल्य की व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक संपत्तियां-परिसंपत्तियां नष्ट हो चुकी हैं। मृतकों के परिवार वालों के सामने अन्न-जल के संकट के साथ-साथ आवास, आजीविका और सामाजिक-आर्थिक असुरक्षा की समस्याएं भी खड़ी हैं। वर्षा ऋतु के बीतने तक उनका दैनिक जीवन बहुत अधिक कष्टकारी बना रहेगा।

यह परिस्थिति प्राकृतिक प्रतिकूलताओं तथा जलवायु असंतुलन की पुनरावृत्ति के कारण गत तीस-चालीस वर्षों से हरेक वर्ष अधिक भयंकर रूप में उत्पन्न हो रही है। बाढ़ के बहते हुए पानी तथा विशाल क्षेत्र में ठहरे हुए कीचड़-गाद-गंदगी से युक्त पानी के कारण अकल्पनीय समस्याएं होती हैं।

प्रकार-प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं। रहन-सहन, भोजन, पेयजल, आजीविका, विद्यालय, शिक्षा, काम-धंधे, व्यवसाय, नौकरी, सब कुछ अशत-व्यस्त हो जाता है। अतिवृष्टि तथा बाढ़ के उपरांत निरंतर आकार लेने वाली जलजनित समस्याओं का निदान कुछ दिनों, सप्ताहों अथवा माहों में नहीं हो पाता।

ऐसी समस्याएं वर्षोंवर्ष बनी रहती हैं तथा समस्याग्रश्त लोगों के जीवन को अकल्पनीय बुराइयों के अधीन करके भयंकर ढंग से असुरक्षित कर देती हैं। भारत जैसे देश में जहां भूक्षेत्र एवं जनसंख्या के आधार पर यूरोपीय देशों के बराबर अथवा उनसे भी विशाल 28 राज्य व 8 केंद्रशासित प्रदेश विद्यमान हैं तथा पूरे विश्व में जिस देश की जनसंख्या सबसे अधिक है, वहां अतिवृष्टि की बाढ़ द्वारा सामान्य लोगों का जीवन किस सीमा तक प्रभावित होता होगा, इसका आभास बाढ़ से घिरे सामान्य लोगों के साथ रहकर ही हो सकता है।

ऐसी स्थितियों-परिस्थितियों से घिरे लोगों की जीवन-असुरक्षा अत्यंत भयाक्रांत होती है। इस लेखक ने उत्तराखंड के एक जनपद मुख्यालय से कुछ दूर स्थित एक लघु उपनगर में रहते हुए निरंतर दो वर्षों तक वर्षा की अतिवृष्टि से उत्पन्न बाढ़ में अपने आवास तथा उसके चहुंओर के क्षेत्र को निरुपाय होकर केवल और केवल ईश्वर के भरोसे सुरक्षित होने की प्रार्थना करते देखा व भोगा है।

ऐसी अतिवृष्टि, ऐसी बाढ़, ऐसी आपदा से प्रत्यक्ष प्रभावित लोग भाग्य के बूते ही जीवित



रह पाते हैं। जिनका भाग्य निर्बल होता है, वे असुरक्षित पर्यावास के उजडऩे-बहने के कारण मृत्यु के मुख में समा जाते हैं। जीवित लोग भी केवल अपने शरीर के साथ जीवित होते हैं।

उनका आवास, जीवनचर्या के लिए आवश्यक भौतिक वश्तुएं, सभी कुछ आपदा में नष्ट हो जाता है। उनके लिए जीवन में प्रत्येक आवश्यकता, सुविधा तथा वश्तु को पुनः क्रय करके संग्रहीत करना अत्यंत कठिन हो जाता है। शासन, समाज, सहायता प्रदान करने वाले संगठनों तथा संबंधियों द्वारा सहायता-धनराशि एवं अन्य जीवन-सुविधाएं तत्काल व सुगमतापूर्वक प्रदान नहीं की जातीं। इन्हें प्राप्त करने के लिए भी पीड़ित व्यक्तियों को संघर्ष करना पड़ता है। इन परिस्थितियों में जब पीड़ितों का जीवन चहुंओर से असुरक्षित तथा संघर्ष में व्यतीत होता है तो उनका मन अवसादग्रश्त हो जाता है। उनकी आत्मा निर्बल हो जाती है।

प्राकृतिक आपदाओं के देखे-भोगे गए संकट का प्रतिघात तथा आपदा के संकट से निकलने के बाद जीवन जीने की असुरक्षा व संघर्ष में व्यतीत होते दिनों का दुःख इतना गहन होता है कि पीड़ित व्यक्ति जीवनभर आत्मविश्वास अर्जित नहीं कर पाता। वाश्तव में जलजनित आपदाओं का भौतिक तथा मानसिक आघात वही अनुभव कर सकता है, जिसने इन्हें प्रत्यक्ष भोगा हो। एक लेखक होकर भी मैं अपने साथ घटी दो अतिवृष्टिकारी घटनाओं को आज तक वर्णित नहीं कर पाया हूं। उस समयावधि में संकट का प्रभाव इतना अधिक था कि परिवार सहित मैंने भी मान लिया था कि अब मृत्यु सन्निकट है। जब मैंने देखा कि जलजले में पृथ्वी-व्योम सहित सब कुछ अतिवृष्टि के अधीन हो गया है तो समझ गया कि ऐसा होने की अवधि में कोई भी आपदा राहत दल संकट से घिरे लोगों तक पहुंच ही नहीं सकता।

आपदा से घिरे होने के अपने निजी अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि किसी भी राहत प्रदान करने वाले दल के लिए अतिवृष्टि के समय जलजले से ग्रश्त क्षेत्र में पहुंचना संभव है ही नहीं। राहत दल अपने सभी संभव उपायों एवं राहत प्रदान करने वाले कार्यों को केवल और केवल संकट से पूर्व तथा संकट के बाद ही संपन्न कर सकते हैं।

वर्षा ऋतु अर्थात सावन के माह से पहले ही देश के विभिन्न राज्यों में एक ही स्थान पर अत्यधिक वर्षण होने से स्थान-स्थान पर जो जलजन्य संकटकारी परिस्थितियां निर्मित हुई हैं, उसने प्राकृतिक असंतुलन को नवीन विकृत ढंग से प्रकट किया है। कुछ दशकों से प्रायः सभी ऋतुओं में ऋतु-विकृतियों में वृद्धि हुई है। असंतुलन की ऐसी पुनरावृत्ति के कारण विगत चालीस-पचास वर्षों में हजारों-लाखों लोग मरे हैं। अनेक लोगों की संपत्तियां-परिसंपत्तियां नष्ट हुई हैं। लोगों के जीवन का हर पक्ष, जैसे कि जीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज, परिवार, संस्कृति, मन, आत्मविश्वास इत्यादि सभी पर भयंकर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। प्रायः शासन पर ही देश व समाज की प्राकृतिक तथा सामाजिक, सभी प्रकार की समस्याओं के निराकरण का उत्तरदायित्व होता है। शासन इसलिए उत्तरदायी होता है क्योंकि उसके पास व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह से अधिक साधन होते हैं, जिन्हें समस्याओं के समाधान हेतु नियोजित किया जा सकता है।

आवश्यकता होने पर शासन व्यक्तियों तथा नागरिकों के जीवन की रक्षा के लिए अपने हरसंभव साधन का उपयोग करता है, किंतु शासन, समाज और लोगों को यह विचार करना होगा कि प्राकृतिक आपदाओं के सामने शासकीय साधन-संसाधन भी निरुपाय सिद्ध हुए हैं, हो रहे हैं और होते रहेंगे। ऐसी आपदाओं से सुरक्षित होने के लिए विश्व श्तर पर प्राकृतिक संरक्षण, जलवायु संतुलन तथा ऋतु अनुकूलन की दिशा में अपेक्षित कार्य किए जाने की आवश्यकता है।

इसके लिए विज्ञान, प्रगति, आधुनिकता तथा इन तीनों के परिणाम में प्रकट सार्वजनिक जीवन की भोगोपभोग एवं विलासी गतिविधियों पर विराम लगाने के उपाय करने होंगे।

# संविधान के अनुरूप नहीं है मतदाता सूची का "विशेष गहन पुनरीक्षण"

**कुमार कृष्णन**

बिहार में हो रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की पोल खुल चुकी है। इसके नाम पर लोग बेदखल किए जा रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के सुझाव के बावजूद चुनाव आयोग के कान पर जू तक नहीं रेंग रही है। संभवतः कान, आंख, नाक किसी सत्ता प्रतिष्ठान के पास गिरवी है। आज हमने इस संदर्भ में अपनी बात रखने की कोशिश की।

लोकतंत्र में मतदाता अगर बेदखल होता है तो इसका कोई मतलब नहीं है। अब यह मांग उठ रही है कि मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" को संशोधित नहीं, रद्द किया जाए। मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" के सवाल पर आयोजित जन सुनवाई में यह मांग रखी गयी।

जन सुनवाई का आयोजन भारत जोड़ो अभियान, जन जागरण शक्ति संगठन, जन आंदोलनों का राष्ट्रीय गठजोड़, समर चैरिटेबल ट्रस्ट, स्वराज अभियान और कोसी नवनिर्माण मंच ने किया था।

इसमें यह बात कही गयी कि चुनाव आयोग द्वारा मांगे जा रहे दश्तावेज़ ग्रामीण बिहारवासियों के लिए जमा कर पाना असंभव है। मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" की प्रक्रिया संविधान की प्रश्तावना में दिए गए राजनीतिक न्याय और समानता के वादे के खिलाफ है। अनुचित दबाव में सिर्फ लक्ष्यों को पूरा करने के लिए चुनाव आयोग की अपनी ही प्रक्रियाओं का कई बार उल्लंघन हुआ है।

इससे मतदाता सूची की गुणवत्ता अधिक बिगड़ेगी और चुनाव आयोग के उद्देश्य को नुकसान पहुँचेगा। पटना के बीआईए हॉल में मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" पर आयोजित जन सुनवाई में बिहार के 14 ज़िलों से लोगों आए हुए थे।

कटिहार से आईं फूल कुमारी देवी ने बताया, "मैं मज़दूर हूं। बीएलओ ने मुझसे आधार और वोटर कार्ड की फोटोकॉपी मांगी। मैंने 4 किलोमीटर चलकर पासपोर्ट फोटो खिंचवाई। मेरे पास पैसे नहीं थे, इसलिए मैंने अपने राशन का चावल बेच दिया। दश्तावेज़ जुटाने में मेरे दो दिन की मज़दूरी चली गई। मेरे पास चावल नहीं था, दो दिन भूखी रही। "

राज्य भर से आए प्रतिभागियों ने बताया कि गणना फॉर्म बीएलओ के बजाय कई बार वार्ड पार्षद, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता या सफाईकर्मी द्वारा बांटे गए। कई मतदाताओं को फॉर्म भरने का तरीका ही नहीं बताया गया।

कई परिवारों में कुछ लोगों को फॉर्म मिला, कुछ को नहीं। पटना शहर में बिना फोटो वाला अनधिकृत फॉर्म बांटा गया। कई विवाहित महिलाओं को अपने मायके से दश्तावेज़ लाने में कठिनाई हुई। बीएलओ ने जिन दश्तावेजों को लिया (जैसे आधार और वोटर कार्ड), वे चुनाव आयोग की अधिकृत सूची में नहीं हैं। जन सुनवाई में आये सिर्फ 5 से कम लोगों को अपने फॉर्म पर रिसीविंग मिली। वे सभी जागरूक थे और दबाव डालने के बाद ही रिसीविंग मिली।

कई मामलों में लोगों को पता ही नहीं था कि उनका फॉर्म बीएलओ ने पहले ही जमा कर दिया, बिना उनके हश्ताक्षर लिए। एक मामले में, जिसने इस पर सोशल मीडिया पर बात की, उसके करीबी लोगों को धमकियाँ मिलीं। ग़ैर-पढ़े-लिखे मतदाताओं को फॉर्म भरवाने के लिए लगभग ₹100 देने पड़े।

कई बीएलओ बैंक पासबुक की कॉपी भी ली, जबकि मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" में इसकी ज़रूरत नहीं बताई गई थी। कोई मानक प्रक्रिया नहीं थीः एक ही परिवार में पति की फोटो ली गई, पत्नी की नहीं। यह खेती का समय है। बिहार के सबसे ग़रीब लोग इस समय पंजाब में खेतों में काम कर रहे हैं। वे अधिकतर अनपढ़ हैं और उनके पास फॉर्म ऑनलाइन भरने की सुविधा नहीं है। कोसी नदी के बाढ़ प्रभावित गांवों में दश्तावेज़ बार-बार बाढ़ में बह जाते हैं, खासकर ग़रीब और दलित वर्ग के लोग इसका शिकार हैं।

बीएलओ पर भारी दबाव है—जो नियमों का पालन कर रहे हैं उन्हें धीमा कहकर डांटा जा रहा है और वेतन रोकने की धमकी दी जा रही है। बीएलओ और आंगनवाड़ी सेविकाओं की इस प्रक्रिया में अत्यधिक व्यशतता से शिक्षा और पोषण की जनकल्याणकारी योजनाओं को नुकसान हो रहा है।

जन सुनवाई की पैनल में वजाहत हबीबुल्ला (पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त), न्यायमूर्ति अंजना प्रकाश (पूर्व न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय), प्रोफेसर दिवाकर (पूर्व निदेशक, ए. एन. सिन्हा संस्थान), जाँ द्रेज (अर्थशास्त्री), श्री भंवर मेघवंशी (सामाजिक कार्यकर्ता) और प्रोफेसर नंदिनी सुंदर (समाजशास्त्री) शामिल थे।

न्यायमूर्ति अंजना प्रकाश ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा मांगे जा रहे दश्तावेज़ ग्रामीण बिहारवासियों के लिए जमा कर पाना असंभव है। पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त वजाहत हबीबुल्लाह ने बताया, "प्रशासन का दुरुपयोग हो रहा है, यह लोगों की मदद नहीं बल्कि उन्हें परेशान कर रहा है।

मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" की प्रक्रिया न संविधान के अनुसार है, न आरटीआई कानून के अनुरूप है। " सामाजिक कार्यकर्ता भंवर मेघवंशी ने कहा कि मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" की प्रक्रिया संविधान की प्रश्तावना, जिसमें राजनीतिक न्याय और समानता का वादा है, के खिलाफ है।

अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज़ ने कहा, "मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" को संशोधित नहीं बल्कि रद्द किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग की अपनी प्रक्रियाओं का कई बार उल्लंघन हुआ है। इससे मतदाता सूची की गुणवत्ता गिरेगी और उद्देश्य विफल होगा। "

समाजशास्त्री प्रो. नंदिनी सुंदर ने बताया, "मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उन्होने उम्मीद जतायी कि हमारी आवाज़ सुनी जाएगी और हम आगे लड़ाई जारी रखेंगे। " एएन सिन्हा संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. दिवाकर ने बताया कि आज हमारा लोकतंत्र न जनता का है, न जनता के लिए है, न जनता द्वारा है। हमें इसे वापस लाने के लिए संघर्ष करना होगा।

जन सुनवाई में शाहिद कमाल, ऋषि आनंद, कामायनी स्वामी, महेंद्र यादव, ज़हीब, उमेश शर्मा आशीष रंजन, तन्मय ने भी हिस्सा लिया। गया के परमेश्वर यादव, सहरसा के गोविंद पासवान, सहरसा की सुमित्रा देवी, पटना की राखी देवी, कहिटार के इशाक, अररिया की मुन्नी देवी समेत 25 लोगों ने अपनी बातें रखीं। मौके पर भारत जोड़ो अभियान के संयोजक योगेंद्र यादव, महासचिव अजीत झा ने भी अपनी बातें रखीं।

जनसुनवाई में आयीं प्रमुख समस्याएं - जिन 11 दश्तावेजों को आयोग ने देने को कहा है, वह अधिकतर लोगों के पास है ही नहीं - आधार कार्ड लेकर फॉर्म जमा कराया जा रहा है, जबकि आयोग ने इसे मान्य नहीं बताया है -लोग वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर रहे हैं तो बताया जा रहा है कि फॉर्म पहले से जमा है -खेती के समय श्रमिक मजदूरी को छोड़ कागज बनाने में लगे हुए हैं, घूस भी देनी पड़ रही है -नेपाली की लड़की बिहार में ब्याही गयी, 20 वर्षों से वोटर हैं।

अब माता-पिता की मतदाता सूची मांगी जा रही -किसी भी आवेदक को पावति नहीं दी जा रही है, बाद में आवेदन का सबूत मांगेगा को लोगों के पास नहीं होगा।

वहीं मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" को लेकर बिहार विधानसभा के मानसून सत्र का आगाज हंगामादार रहा। मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" पर चर्चा को लेकर पूरा विपक्ष अड़ा रहा। मतदाता पुनरीक्षण में लोगों का नाम मतदाता सूची से काटने का आरोप लगाया। बैनर-पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया है।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि विधानसभा में वोटर लिस्ट के मुद्दे पर हर हाल में चर्चा कराई जाए, नहीं तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। आज से सत्र शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि महागठबंधन के प्रतिनिधियों ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर स्पष्ट रूप से कहा है कि वोटर लिस्ट से नाम कटने की साजिश पर चर्चा कराना जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर विधानसभा में इस विषय को नजरअंदाज किया गया तो इसका राजनीतिक और लोकतांत्रिक जवाब दिया जाएगा।

पुर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" देश का मुद्दा है। बिहार केवल झांकी है, असम और बंगाल बाकी है। वहीं बिहार में आज विधानसभा के सत्र के दौरान विपक्ष के वाक ऑउट करने पर पप्पू यादव ने नाराज़गी जताई है। उन्होंने कहा कि हमें आश्चर्य हो रहा है कि विपक्ष ने बिहार में वॉकआउट किया है। आप क्यों वॉकआउट कर रहे हैं? सीना तान कर खड़े रहिए ।

बिहार में जहां लगभग 65.58 प्रतिशत लोग बेघर हैं वहां चुनाव आयोग नागरिकों से भूमि आवंटन प्रमाणपत्र प्रश्तुत करने की उम्मीद करता है। जहां निरक्षरता व्याप्त है वहां वे स्कूल प्रमाणपत्र की मांग करते हैं। जहां गरीबी पलायन को मजबूर करती है उन लोगों से आयोग को स्थायी निवास प्रमाण की आवश्यकता होती है।

संभावित रूप से लाखों मतदाताओं के लिए इन अस्पष्ट दश्तावेजों को इकट्ठा करने के लिए दी गई समय सीमा एक महीने से भी कम है। यहां तक कि अगर किसी चमत्कार से नागरिक नौकरशाही में खजाने की खोज का प्रबंधन करते हैं तो क्या चुनाव आयोग के पास उन सभी को सत्यापित करने के लिए जनशक्ति है? चुनाव आयोग ने जवाब में कहा है कि उसने इस विशाल अभ्यास के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1 लाख से अधिक ब्लॉक श्तर के अधिकारियों, 4 लाख स्वयंसेवकों और 1.5 लाख से अधिक बूथ-श्तरीय एजेंटों को लगाया है और 80 फीसदी मतदाता पंजीकरण फॉर्म पहले ही एकत्र किए जा चुके हैं।

# एसआईआर की आंच से तपने लगा पश्चिम बंगाल

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है। विपक्ष लगातार एसआईआर का विरोध कर रहा है। बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र में भी एसआईआर के विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं।

एसआईआर का मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में एसआईआर पर रोक नहीं लगाई, लेकिन अभियान की टाइमिंग को लेकर प्रश्न अवश्य उठाए हैं। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है।

ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है। पश्चिम बंगाल में जहां तृणमूल कांग्रेस एसआईआर को लेकर बेचैन है तो वहीं कांग्रेस असम को लेकर चिंतित है।

गैर भाजपशासित कई राज्यों से विरोध की आवाज उठने लगी है। हालांकि विरोध का सबसे ऊंचा स्वर पश्चिम बंगाल से सुनाई दे रहा है, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होंगे।

बीती 21 जुलाई को कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा बंगाल में एसआईआर जैसी कवायद करने की योजना बना रही है, इसे कभी अनुमति नहीं दी जाएगी। वाश्तव में, ममता के निशाने पर भारतीय जनता पार्टी है। एसआईआर कराना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र का विषय है।

सब कुछ जानते बूझते हुए भी ममता एसआईआर को लेकर भाजपा पर राजनीतिक बाण चला रही हैं। भला एसआईआर करवाने या न करवाने से भाजपा का क्या संबंध? सोचिए, पश्चिम बंगाल में एसआईआर अभी शुरू भी नहीं हुआ, और ममता बनर्जी ने इसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। इसी से तृणमूल कांग्रेस की बेचैनी को समझा जा सकता है।

ममता बनर्जी का सार्वजनिक मंच से यह कहना कि पश्चिम बंगाल में एसआईईआर की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीधे तौर पर चुनाव आयोग को धमकी के साथ संविधान और संवैधानिक संस्था का अपमान भी है। संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के मन में आदर का भाव बचा ही नहीं है। सीबीआई के अधिकारियों को बंधक बनाने से लेकर ईडी के अधिकारियों पर प्राणघातक हमले में प्रदेश सरकार और तृणमूल कांग्रेस की भूमिका जगजाहिर है।

अभी हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फ बिल के विरोध में ममता ने कहा था कि पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होने देंगे। भला कोई संविधान के तहत निर्वाचित सरकार और मुख्यमंत्री ऐसे कैसे गैरजिम्मेदाराना संविधान विरोधी बयानबाजी कर सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार ने नियम कानून और संविधान को शायद खूंटी पर टांग रखा है।

ममता बनर्जी एसआईआर को एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर से भी ज्यादा खतरनाक बता चुकी हैं। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद नेता डेरेक ओ ब्रायन ने बीती 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण "पिछले दरवाजे से एनआरसी लाने का एक भयावह कदम है।' संसद के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन बिहार वोटर लिस्ट मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद में प्रदर्शन किया है।

तृणमूल कांग्रेस के अलावा कांग्रेस, राजद, सपा और विपक्ष के अन्य दल इस विरोध में शामिल हैं। राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी।

तभी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। तृणमूल कांग्रेस को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फा़यदा भाजपा को होगा।

पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है। इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है। हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा।

हालांकि बिहार से उलट पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं। वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे। पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं।

भाजपा का आरोप है कि पिछले 14 वर्षों में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार ने अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को मतदाता सूची में व्यवस्थित रूप से घुसपैठ कराई है। बीते मार्च पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को ऑडिट और मतदाता सूची संशोधन की जरूरत से अवगत कराते हुए बताया था कि पष्चिम बंगाल में 13 लख से अधिक फर्जी या डुप्लीकेट मतदाता हैं। बीते जून को भाजपा ने दावा किया कि बंगलादेश से जुड़े कोटा सुधार आंदोलन के नेता न्यूटन दास का नाम काकद्वीप विधानसभा इलाके के वोटर लिस्ट में है। तृणमूल ने आरोपों से इनकार किया है।

बीते दिनों मालदा जिले के गाजोल के एक गांव में ऐसा मामला सामने आया है, जहां इलाके में एक भी अल्पसंख्यक व्यक्ति नहीं रहता, वहां दो अपरिचित और कथित अल्पसंख्यक वोटरों के नाम नये मतदाता सूची में शामिल पाये गये हैं। इसे लेकर भाजपा विधायक चिन्मय देव बर्मन ने अवैध घुसपैठ और फर्जी वोटर जोड़ने का आरोप लगाया है।

बीती जून को सिलीगुड़ी में फर्जी आधार कार्ड, वोटर कार्ड और अन्य सरकारी दश्तावेज बनाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने किया था। राज्य में अलग-अलग क्षेत्रों से फर्जी वोटर मामले सामने आने के कारण राजनीतिक माहौल और गर्माया हुआ है। ममता बनर्जी ने 'फेक वोटर' की पहचान के लिए एक समिति भी बनाई है।

जानकार मानते हैं कि दिल्ली की जीत के बाद भाजपा की नज़र 2026 में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को पछाड़ने पर है। दिल्ली चुनाव में मिली जीत से भाजपा का आत्मविश्वास बढ़ा है और वो ज़्यादा मजबूती से ममता बनर्जी को चुनौती देने की कोशिश करेगी।

ममता बनर्जी भी जमीनी सच्चाई और आने वाले राजनीतिक खतरों को बखूबी भांप रही है। इसलिये उन्होंने अभी से विरोध का स्वर ऊंचा करना शुरू कर दिया है। सबसे हैरानी की बात यह है कि इंडी गठबंधन के नेता संविधान के सम्मान और रक्षा की बात करते हैं। लेकिन उनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का भेद है। वो कदम कदम पर संविधान, संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र की परंपराओं का अनादर करते दिखाई देते हैं।

एक तरफ, विपक्ष चुनाव आयोग पर भाजपा से मिलीभगत के आरोप लगाता है। वहीं दूसरी तरफ, जब चुनाव आयोग मतदाता सूची की त्रुटियों को दूर कर साफ सुथरी सूची बनाने का अभियान चलाता है, तो उसका विरोध करने लगता है। साफ सुथरी वोटर लिस्ट न बने इसके लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंच जाता है।

विपक्ष के इस दोहरे मापदण्ड और चरित्र के बारे में भला क्या कहा जाए। विपक्ष के ऐसे रवैये से एक बात तो साफ है कि विपक्ष चुनाव में मिली हार और अपनी नाकामी छिपाने के लिए चुनाव आयोग, वोटर लिस्ट और ईवीएम के सिर पर ठीकरा फोड़ता है? तय मानिए, आने वाले दिनों में एसआईआर के विरोध की गूंज देशभर में सुनाई देगी। और यह भी लिखकर रख लीजिए इसमें सबसे ज्यादा ऊंची आवाज तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की होगी।

तृणमूल कांग्रेस के विरोध, धमकी और बेचैनी से यह समझ में आ रहा है कि दाल में कुछ नहीं बहुत कुछ काला है।

**(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)**

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन।सी।आर। प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
फोनः 9899683800 वेबसाइट : www lncrtoday lin ई-मेलः todayncr@gmail।com >> ncrtoday@hotmail।com **RNI-**UPHIN/2009/30721

## संक्षिप्त समाचार

### लेन-देन के विवाद में सगे भाइयों को मारी चाकू, छोटे भाई की मौत, बड़ा भाई रेफर

**सुल्तानपुर, एजेंसी।** सुल्तानपुर के कुड़वार थाना क्षेत्र के कटावां गांव में रुपये के लेन-देन में मंगलवार देर रात विपक्षियों ने सगे भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल भाइयों को मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर पहुंचाया गया, जहां एक भाई को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

कुड़वार के चाची राज बगिया निवासी संजय निषाद (24) अपने बड़े भाई विजय कुमार निषाद (30) के साथ मंगलवार रात कटावां गांव में उधार पैसे लेने फागूलाल के यहां गए थे। आरोप है कि वहां, फागूलाल के साथ अन्य तीन लोग मौजूद थे। बातचीत के बाद हाथापाई शुरू हो गई। चारों ने मिलकर दोनों भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में संजय व विजय घायल हो गए। आरोपी मौके से भाग निकले।

दोनों भाइयों को मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर पहुंचाया गया। जहां, चिकित्सक ने संजय को मृत घोषित कर दिया। वहीं, बड़े भाई विजय को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि आरोपी फागूराम ने उनके चाचा से 29 हजार रुपये उधार ले रखे थे। उसने 10 हजार रुपये वापस किए बाकी पैसे के लिए विवाद हो गया।

कुड़वार थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्र ने बताया कि मृतक के छोटे भाई अजय की तहरीर पर फागूलाल सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### प्रदेश के 29 जिलों में सूखे जैसे हालात, फसल प्रभावित होने की आशंका; कृषि विभाग ने मांगी मदद

**लखनऊ , एजेंसी।** प्रदेश के 29 जिलों में बादलों की बेरूखी है। देवरिया सहित पूर्वांचल के 13 जिले सर्वाधिक प्रभावित हैं। ऐसे में खरीफ सीजन में उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। बादलों की बेरूखी देख कृषि विभाग के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखने लगी हैं। ऐसे में सिंचाई और ऊर्जा विभाग से गुहार लगाई गई है।

प्रदेश में लक्ष्य के सापेक्ष 99 फीसदी धान की नर्सरी तैयार है। खेत में पानी नहीं होने की वजह से 65 फीसदी ही रोपाई हो पाई है। मक्का 62 फीसदी, बाजरा 32 फीसदी, अरहर 52 फीसदी, मूगफली 31 फीसदी और तिल 54 फीसदी ही बोया जा सका है। जौनपुर के किसान जमुना प्रसाद का कहना है कि बारिश नहीं होने से 10 के बजाय अभी तक दो बीघा ही धान की रोपाई हो पाई है। ट्रांसफार्मर जला पड़ा है। कुछ ऐसी ही शिकायत आजमगढ़ के ढेमा के किसान विश्व विजय सिंह भी करते हैं। वह बताते हैं कि अभी तक नहरों में पानी नहीं है। देवरिया के मनीष सिंह कहते हैं कि उनके यहां खेत में धूल उड़ रही है। बादलों ने बेरूखी दिखाई तो नहरों में भी पानी नहीं मिल रहा है। ऐसे में ज्यादातर खेत खाली पड़े हैं।

**पूर्वांचल से रूठे बादल-** प्रदेश के 16 जिलों में 40 फीसदी से कम बारिश हुई है। इसमें आठ जिले पूर्वांचल के हैं। इन जिलों को करीब- करीब सूखे के करीब माना जा रहा है। 31 जुलाई तक औसत बारिश के करीब नहीं पहुंचे तो इन्हें सूखे के दायरे में लाने की कवायद शुरू हो सकती है। इसमें देवरिया सबसे पीछे हैं।

### खंभे में करंट उतरने से गोवंश की गई जान, गुस्साए लोगों ने लगाया जाम

**हाथरस, एजेंसी।** शहर के मोहल्ला खाती खाना में मंगलवार शाम बिजली के एक खंभे में उतरे करंट की चपेट में आकर एक गोवंश की जान चली गई। इस पर गुस्साए लोगों ने जाम लगा दिया। गुस्साए लोगों के समर्थन में बजरंग दल के तमाम कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गुस्साए लोगों को समझा कर एक घंटे बाद जाम खुलवाया।

मंगलवार शाम करीब छह बजे खाती खाना में विद्युत तारों की मरम्मत के बाद आपूर्ति बहाल की गई। आपूर्ति बहाल होते ही बिजली के एक खंभे में करंट उतर आया। इसकी चपेट में आकर एक गोवंश की मौत हो गई। इस पर स्थानीय लोगों ने मौके पर जाम लगा दिया। बजरंग दल के कार्यकर्ता भी सूचना मिलने पर पहुंच गए। किशन भारती के नेतृत्व में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया।

# 351 रजिस्ट्री दफ्तरों में छांगुर की जमीन की जांच, इन नामों की रजिस्ट्री पर नजर; बाबा खपा रहा था विदेशी फंड







**बलरामपुर, एजेंसी।** जमालुद्दीन उर्फ छांगुर ने प्रदेश के प्रमुख जिलों में अवैध धर्मांतरण का अड्डा बनाने की रणनीति बनाई थी। इसके लिए वह देवीपाटन मंडल को केंद्र बना रहा था, जिसके तहत जमीनों की खरीद के लिए एक टीम बनाई थी। एटीएस व ईडी की जांच में यह राज सामने आने के बाद छांगुर व उसके 13 करीबियों के नाम और पते की सूची प्रदेश के सभी रजिस्ट्री दफ्तरों को भेजी गई है। संबंधित नामों से हुए बैनामों का ब्योरा मांगा गया है।

छांगुर अवैध धर्मांतरण से मिलने वाले विदेशी फंड को खपाने के लिए जमीन का कारोबार शुरू किया था। आशंका है कि वह अपना जाल प्रदेश के सभी जिलों में फैला रहा था। जमीनें कहां खरीदीं और बेची गईं, इसका ब्योरा रजिस्ट्री कार्यालयों से ही मिल सकता है।

एटीएस व ईडी दोनों की जांच में इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि छांगुर अपने सहयोगियों के नाम से जमीन खरीद रहा था। छांगुर कॉम्प्लेक्स व कोठी का निर्माण कराकर धर्मांतरण की मुहिम तेज कर रहा था। एटीएस ने यह भी आशंका जताई है कि अन्य प्रदेशों में भी वह जमीन खरीद रहा था। मुंबई और नागपुर में जमीन के सौदे की बात सामने भी आ चुकी है। अब रजिस्ट्री दफ्तरों से बड़े खुलासे की उम्मीद है।

**इन नामों की रजिस्ट्री पर नजर:** उपनिबंधक कार्यालयों को 13 नामों की सूची भेजी गई है। इनमें मधपुर उतरौला के जमालुद्दीन शाह उर्फ छांगुर, महबूब, नीतू उर्फ नसरीन, समाले नवीन रोहरा उर्फ सबीहा, नवीन उर्फ जमालुद्दीन, रेहरा माफी गांव के मोहम्मद सबरोज, रशीद, गोंडा के रेतवागाड़ा के रमजान, नागपुर के इदुल इस्लाम, बड़ा धुसाह के राजेश उपाध्याय, संगीता देवी उपाध्याय व अपना घर के प्रोपराइटर बाबू उर्फ वलीउद्दीन के नाम शामिल हैं।

**उतरौला में छांगुर की जमीन पर प्लॉटिंग पर रोक:** बलरामपुर के उतरौला में छांगुर ने प्लॉटिंग का काम शुरू किया था। जमीनों को खरीदकर सीधे एग्रीमेंट से प्लॉटों की बिक्री करके मोटा मुनाफा कमा रहा था। अब प्रशासन ने उतरौला में छांगुर की ओर से कराई जा रही प्लॉटिंग पर रोक लगा दी है।

राजस्व नियमों के तहत किसी भी जमीन की बिक्री आवासीय प्लॉट के रूप में तभी हो सकती है, जब धारा 80 के तहत प्लॉट को आबादी जाए। इसके विपरीत बड़े पैमाने पर जमीनों को बिना आबादी में परिवर्तित कराए ही बिक्री की जा रही थी। इसमें नवीन और उसके बेटे महबूब सीधे तौर पर शामिल थे। इसके तहत दोनों ने उतरौला कस्बे में प्लॉटिंग के साथ ही आसपास के गावों में जमीन खरीदी थी।

प्रशासन ने उतरौला में प्लॉटिंग पर रोक लगा दी है। ऐसे प्लॉटों का सर्वे भी शुरू कराया है, जिसमें नीतू, नवीन, छांगुर व महबूब सीधे तौर पर जुड़े थे। एसडीएम एसपी प्रजापति ने बताया कि राजस्व नियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

**छांगुर के खिलाफ गैंगस्टर की तैयारी:** छांगुर के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई होनी है। अभी पुलिस एटीएस और ईडी की जांच पर नजर रखे है। जांच में नए नाम भी निकल कर आ रहे हैं। ऐसे में गैंग की सूची बनाने में बदलाव हो रहा है। अभी तक एटीएस ने 18 लोगों के नाम शामिल होने की पुष्टि की है, लेकिन जिस तरह मामला पूरे प्रदेश में फैल रहा है उससे और नामों के उजागर होने की आशंका है। पूरी रिपोर्ट के बाद ही गैंगस्टर की कार्रवाई होगी। एसपी विकास कुमार ने बताया कि एटीएस की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**सबरोज और शहाबुद्दीन ने भी छांगुर के सहयोग से जुटाई संपत्ति:** छांगुर के भतीजे सबरोज और साले के बेटे शहाबुद्दीन ने भी कई संपत्तियां जुटाई थीं। राजस्व टीम की जांच में सरकारी जमीनों पर कब्जे का मामला सामने आ चुका है। एसडीएम ने बताया कि टीम ने रेहरामाफी गांव में जांच की है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। छांगुर ने अवैध धर्मांतरण से कमाई शुरू की।

विदेश से फंड मिलने लगा। तब उसके सबसे खास रहे सबरोज और शाहबुद्दीन ने रशीद के साथ मिलकर आजमगढ़ में अवैध धर्मांतरण शुरू कराया। इससे मोटी कमाई की और रेहरामाफी में सरकारी जमीनों पर निगाहें जमा दीं।

हाल ही में हुई जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों ने संपत्तियां बनाने में सरकारी जमीन कब्जा की है। अब तहसील प्रशासन ने इसकी कार्रवाई शुरू कर दी है। देर सबेर दोनों के सरकारी जमीन पर बने कमरों को ढहाया जा सकता है। फिलहाल अभी राजस्व टीम जांच कर रही है।

### शटर बंद कर घायल व तीमारदारों को पीटा

**हाथरस, एजेंसी।** बिसावर के दीया हॉस्पिटल में 17 जुलाई को मरीज व उसके तीमारदारों को शटर बंद कर पीटा गया, जिससे वह घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर मंगलवार को कोतवाली में हॉस्पिटल मालिक सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गांव नगला बक्सा निवासी लक्ष्मी देवी ने डॉ. सतेंद्र व जीतेश निवासी टीकैत, आकाश निवासी बिसावर, हरिओम व अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा है कि 17 जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे उनके पति भूपेंद्र का एक्सीडेंट मथुरा रोड पर विधिपुर पुल व पेट्रोल पंप के पास हो गया था, जिससे उनके पति को काफी चोटें आईं थीं। इलाज कराने के लिए भूपेंद्र ने अपने चचेरे भाई सचिन को फोन कर बुलाया। सचिन पास में ही मौजूद दीया हॉस्पिटल में उनके पति को ले गए। वहां उपस्थित कंपाउंडर ने उनके पति का अस्पताल में ही एक्स-रे कराने के लिए कहा और पांच हजार रुपये जमा कराने की बात कही। सचिन ने कहा कि आप इलाज शुरू कीजिए, वह अभी घर से मंगाकर रुपये दे देंगे। आरोप है कि इतना कहते ही हॉस्पिटल मालिक सतेंद्र व अन्य नामजदों ने गाली-गलौज करते हुए उनके पति भूपेंद्र व देवर सचिन को लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से पीटना शुरू कर दिया। एक्सीडेंट की खबर सुनकर सहायता के लिए आए उनके परिवार के दिगंबर सिंह, तेज सिंह, भारत सिंह को भी आरोपियों ने हॉस्पिटल का शटर बंद कर बुरी तरह पीटा। बीच बचाव के दौरान उनको भी पीटा और धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। डॉ. सतेंद्र ने गालियां देते हुए कहा कि यहां से भाग जाओ, नहीं तो जान से मार दूंगा। सीओ अमित पाठक का कहना है कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में छानबीन की जा रही है।

## पत्नी को पीठ पर लाद कर डीएम कार्यालय पहुंचा दिव्यांग, घर तक जाने के लिए रास्ते की लगाई गुहार



**आजमगढ़ , एजेंसी।** आजमगढ़ जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मंगलवार को डीएम कार्यालय के पास खड़े लोग उस समय हतप्रभ रह गए, जब एक दिव्यांग अपनी दिव्यांग पत्नी को पीठ पर लादकर पहुंचा। घुटने के बल चल रहे दिव्यांग के घुटने फर्श पर जल रहे थे, वह अंगोछा के सहारे इससे बचने की कोशिश करता डीएम कार्यालय पहुंचा।

दिव्यांग अशोक ने बताया कि जहानागंज थाना क्षेत्र के कुंजी गांव का निवासी है। गांव में उसके घर तक पहुंचने का रास्ता नहीं है। इसलिए वह गुहार लगाने के लिए डीएम साहब के पास पत्नी के साथ आया है। उसने बताया कि इस समय उसके गांव में चकबंदी का कार्य चल रहा है। लेकिन उनके घर तक जाने वाला रास्ता गायब हो गया है। अब वह कैसे घर से निकलेंगे यह समझ में नहीं आ रहा है।

कहा कि बारिश में परेशानी का सामना करना पड़ता है। कीचड़ से होकर जाना पड़ता है। अगर रास्ता नहीं मिलेगा तो उसे और उसकी दिव्यांग पत्नी को काफी परेशानी होगी। उसने गुहार लगाई कि चकबंदी के दौरान ही एक रास्ता घर के सामने तक निकलवाया जाए।

दिव्यांग अशोक ने बताया कि ऐसा नहीं कि वह पहली बार आ रहा है। पहले भी वह आ चुका है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं की जा रही है। सीआरओ संजीव ओझा ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मालूम होता है कि पीड़ित को घर के सामने रास्ता चाहिए। वर्तमान में चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है। हमने एसओसी को मार्क किया है कि अगर संभव हो तो नियम के अंदर उसके घर तक रास्ता बना दिया जाएगा।

## जिला ओटीडी सेल की बैठक सम्पन्न अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷



जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में राज्य सरकार की वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की परिकल्पना में जिले को सशक्त भागीदार बनाने के लिए किये जा रहे प्रयासों की नियमित समीक्षा और प्रेषित आंकड़ों की गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से जिला ओटीडी सेल की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

डीएम ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद की आर्थिक प्रगति से जुड़े प्रत्येक डाटा का सतर्कता एवं प्रमाणिकता के साथ संकलन व प्रश्तुतीकरण किया जाए, ताकि राज्य श्तर व भारत सरकार को भेजे जाने वाले आंकड़ों की गुणवत्ता विश्वसनीय एवं उपयोगी बनी रहे।

उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रदेश की आर्थिक रीढ़ को मजबूत करने की दिशा में किया जा रहा एक अहम प्रयास है। बैठक में कृषि, उद्योग, हश्तशिल्प, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, उद्यान, वन, पशुपालन, कारखाना, जीएसटी, मत्स्य आधारभूत संरचना, पर्यटन एवं नवाचार से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा प्रश्तुत अद्यतन आंकड़ों की समीक्षा की गई। डीएम ने समन्वय व समयबद्ध रिपोर्टिंग को सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि जिला श्तर से भेजे गए गुणवत्तापूर्ण आंकड़े न केवल राज्य श्तरीय योजना निर्माण में सहायक होंगे, बल्कि जिले की आवश्यकताओं और उपलब्धियों को भी प्रभावी रूप से प्रदर्शित करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में अलीगढ़ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अलीगढ़ के पारंपरिक ताले उद्योग, निर्यात, कृषि आधारित गतिविधियाँ, शहरीकरण, एमएसएमई व नवाचार पर आधारित उद्यमशीलता को नए अवसरों से जोड़ने की जरूरत है।

मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला श्तर पर अपने विभागीय आंकड़ों को संबंधित पोर्टल पर समय से फीड कराएं, इसके साथ ही राज्य श्तर से जारी आंकड़ों का जिला श्तर से समय-समय पर लिान करते रहें। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ए0के0 दीक्षित ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक जिले को लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिला श्तर पर डीएम की अध्यक्षता में कमेटी का गठन भी किया गया है।

### युवक का शव नाले में मिला, पिता ने हत्या की जताई आशंका

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

बहन के घर गए युवक का शव नाले में मिलने से लोगों में खलबली मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस और परिजन पहुँच गए।

पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। मृतक के पिता हत्या ने आशंका जताई है। युवक की मौत से परिजन बेहाल हैं। शहर के थाना क्वार्सी इलाके के जीवन गढ़ गली नम्बर एक मे निसार का परिवार रहता है। वह मजदूरी करते हैं।

जबकि उनका सबसे बड़ा बेटा 23 वर्षीय सलमान एक होटल में।वेटर की नौकरी करता था। निसार ने बताया कि वह मूल रूप से थाना पाली मुकीमपुर के गांव बोहना कोटरा के रहने वाले हैं। जीवनगढ़ में किराए पर रहते हैं। सोमवार को सलमान नगला पटवारी में अपनी बहन हिना के पास गया था। यह से शाम घर के लिए वापस ई रिक्शा से चला। लेकिन घर नहीं पहुंचा। उसको काफी तलाश किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। सलमान की गुमशुदगी पुलिस को दी और उसकी तलाश जारी रखी। इसी दौरान महेशपुर के पास नाले में एक युवक का शव पड़ा मिलने की खबर मिली।

## पुरा महादेव में चतुर्दशी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, दस लाख भक्तों ने किया जलाभिषेक



**बागपत , एजेंसी।** बागपत के बालैनी स्थित पुरा के परशुरामेश्वर महादेव मंदिर पर बुधवार सुबह को झंडारोहण के बाद चतुर्दशी का जलाभिषेक करने को कांवड़ियों का सैलाब उमड़ पड़ा। वहां सुबह से भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों व श्रद्धालुओं की दो किमी लंबी लाइन लगी रही। मंदिर में बुधवार तक दस लाख से ज्यादा भक्तों ने जलाभिषेक किया।

पुरा महादेव मंदिर में चल रहे चार दिवसीय श्रावणी मेले में तीसरे दिन कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर में चतुर्दशी का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों व श्रद्धालुओं की लाइन परशुराम खेड़ा तक पहुंच गई और वहां लाइन में लगने के कई घंटे बाद में जलाभिषेक का नंबर आया। इसके बाद ही हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए लाखों कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया।

वहां भीड़ को देखते हुए व्यवस्था बनाने के लिए मंदिर में आरएएफ के साथ ही पीएसी के जवान तैनात रहे तो एसपी सूरज कुमार राय खुद लगातार घूमते रहे। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जयभगवान शर्मा ने बताया कि सुबह तक मंदिर में दस लाख कांवड़ियों व श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

# योगी कैबिनेट का फैसला: महिलाओं को सरकार का तोहफा

## 1 करोड़ तक की संपत्ति पर मिलेगी स्टाम्प शुल्क में छूट

**लखनऊ , एजेंसी।** महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में योगी सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ रुपये तक मूल्य की संपत्ति (जैसे मकान, जमीन आदि) यदि किसी महिला के नाम खरीदी जाती है, तो उस पर स्टाम्प शुल्क में 1त्र की छूट मिलेगी। अब तक राज्य में यह छूट केवल 10 लाख रुपये तक की संपत्ति पर ही लागू थी, जिसमें अधिकतम 10 हजार रुपये तक की छूट मिलती थी। लेकिन अब सरकार ने इस छूट को बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये तक की संपत्ति पर लागू कर दिया है, जिससे महिलाओं को अधिक लाभ मिलेगा। मंगलवार शाम लोकभावन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में कुल 37 मद पारित किए गए। इसमें 11 अगस्त से विधानसभा के मॉनसून सत्र की शुरुआत का भी निर्णय लिया गया।

निर्णय की जानकारी देते हुए प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि सरकार का मानना है कि इस फैसले से मध्यम वर्ग की महिलाओं को संपत्ति की मालिक बनने में मदद मिलेगी, जिससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा बल्कि वे समाज में आर्थिक रूप से अधिक सक्षम और सम्मानित बनेंगी। यह छूट मिशन शक्ति कार्यक्रम को भी मजबूती देगी, जिसके तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जा रहा है।


### बढ़ेगा सामाजिक सम्मान और वित्तीय स्वतंत्रता

बजट 2024 में केंद्र सरकार ने भी महिलाओं के पक्ष में निष्पादित विलेखों पर स्टाम्प शुल्क कम करने की बात कही थी। उत्तर प्रदेश सरकार का यह फैसला उसी दिशा में एक सकारात्मक और प्रभावी कदम माना जा रहा है। इस पहल से महिलाओं के पक्ष में सम्पत्ति के स्वामित्व को सामाजिक सम्मान एवं आर्थिक वित्तीय स्वतन्त्रता को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, महिलाओं के नाम सम्पत्ति के पंजीकरण में भारी वृद्धि की सम्भावना है जिससे मिशन शक्ति के उद्देश्य पूर्ति में सहायता मिलेगी।



डब्ल्यूडब्ल्यूई में मचा बवाल!

## रिटायरमेंट से पहले जॉन सीना को मिली धमकी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई के आइकॉनिक सुपरस्टार जॉन सीना इस वक्त अपने करियर के अंतिम सफर पर हैं, लेकिन उनके रिटायरमेंट से पहले माहौल पूरी तरह से गरमा गया है. समरस्लेम 2025 में सीना जहां कोडी रोड्स के खिलाफ अनडिस्प्यूटेड डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप डिफेंड करने जा रहे हैं, वहीं स्कॉटिश रेसलर ड्रू मैकइंटायर ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है.

मैकइंटायर ने जॉन सीना को ना सिर्फ सीधे चेतावनी दी है, बल्कि उन्हें 'जेली रोल' तक कह डाला है और डब्ल्यूडब्ल्यूई टाइटल के लिए अपनी दावेदारी भी पेश की है.

### मैकइंटायर का बयान

लोगान पॉल के पॉडकास्ट में ड्रू ने खुलकर अपनी भड़ास निकाली और कहा, मैं पांच हफ्तों से बाहर था. अब मैं नए माइंडसेट और नए ड्रू के साथ लौटा हूं. अब मैं उन बेकार के पर्सनल झगड़ों में नहीं पड़ने वाला जिनमें मैं पिछले दो साल से फंसा था. सीएम पंक और डेमियन प्रीस्ट जैसे लोग मेरा वक्त बर्बाद कर रहे थे. अब मेरा फोकस सिर्फ एक चीज पर है और वो है डब्ल्यूडब्ल्यूई टाइटल. उन्होंने आगे कहा, रैंडी ऑर्टन पर मेरी हालिया जीत ने मुझे ट्रैक पर वापस ला दिया है, लेकिन जॉन सीना वह अब एक बी- है. उसने सब गड़बड़ कर दी. अब वो 'जेली रोल' बन गया है. वह अपने बेवकूफ चेहरे पर लात खाने का हकदार है.

### सीना के रिटायरमेंट से पहले टकराव तय?

जॉन सीना ने जनवरी 2025 से अपना रिटायरमेंट टूर शुरू किया था और माना जा रहा है कि उनका आखिरी मुकाबला गुंथर के खिलाफ हो सकता है. मगर ड्रू मैकइंटायर के इस बयान ने तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है. अब ये अटकलें तेज हैं कि समरस्लेम में कोडी रोड्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले के बाद ड्रू बनाम सीना की भिड़ंत संभव है.

## विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में वैष्णवी ने मचाया धमाल, टेनिस में पदक पक्का किया



**बर्लिन, एजेंसी।** भारतीय खिलाड़ी ने मेजबान देश की सिना हरमेन को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराया। अब उनका सामन स्लोवाकिया की एस्ट्जर मेरी से होगा। वह नंदन बल के बाद इन खेलों में पदक हासिल करने वाली दूसरी भारतीय बनेंगी। विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में टेनिस में भारत का पदक तय हो गया है। बीस साल की वैष्णवी अडकर ने जर्मनी में चल रहे खेलों की महिला एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय खिलाड़ी ने मेजबान देश की सिना हरमेन को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराया। अब उनका सामन स्लोवाकिया की एस्ट्जर मेरी से होगा। वह नंदन बल के बाद इन खेलों में पदक हासिल करने वाली दूसरी भारतीय बनेंगी। नंदन ने 1979 में मेक्सिको सिटी में रजत पदक हासिल किया था। इन खेलों में टेनिस में दो कांस्य पदक दिए जाते हैं। इस बार भारत का यह दूसरा पदक होगा, इससे पहले बैडमिंटन मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक लिया था।

यूएस ओलंपिक और पैरालंपिक समिति ने

## ट्रांसजेंडर महिलाओं के महिला खेलों में भाग लेने पर लगाई रोक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की ओलंपिक और पैरालंपिक समिति (यूएसओपीसी) ने अपनी नीति में बड़ा बदलाव करते हुए ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने से प्रतिबंधित कर दिया है।

यह फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस वर्ष की शुरुआत में जारी किए गए कार्यकारी आदेश के अनुरूप लिया गया है। यूएसओपीसी ने अपनी एथलीट सुरक्षा नीति में किए गए संशोधन में कहा, यूएसओपीसी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी), अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) और राष्ट्रीय खेल महासंघों जैसे संबंधित निकायों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगा कि महिलाओं को निष्पक्ष और सुरक्षित प्रतिस्पर्धा का माहौल मिले, जो कार्यकारी आदेश और टेड स्टीवंस ओलंपिक एवं शौकिया खेल अधिनियम के अनुरूप हो। इस बदलाव को लेकर यूएसओपीसी ने फिलहाल किसी भी मीडिया सवाल का जवाब नहीं दिया है।




यूएसओपीसी के अध्यक्ष जीन साइक्स और सीईओ सारा हिर्शलैंड ने टीम यूएसए समुदाय को एक मेमो भेजकर यह स्पष्ट किया कि एक संघीय चार्टर्ड संगठन होने के नाते, यूएसओपीसी की जिम्मेदारी है कि वह संघीय अपेक्षाओं का पालन करे। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने फरवरी 2025 में ÷कीपिंग मेन आउट ऑफ वूमेन स्पोर्ट्स नामक एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इस आदेश के तहत ट्रांसजेंडर लड़कियों और महिलाओं को महिला खेलों से बाहर रखने का निर्देश दिया गया है। समर्थकों का कहना है कि यह कदम खेलों में निष्पक्षता लाने के लिए जरूरी है, जबकि आलोचक इसे अल्पसंख्यक ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों के अधिकारों का उल्लंघन मानते हैं।

इस आदेश में न केवल स्कूली और कॉलेज स्तर के खेलों को शामिल किया गया है, बल्कि इसमें अमेरिका में प्रतिस्पर्धा करने के लिए ट्रांसजेंडर महिलाओं को वीजा देने से इनकार करने का निर्देश भी शामिल है। ट्रंप ने यह भी कहा कि वह 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में ट्रांसजेंडर एथलीटों को भाग लेने की अनुमति नहीं देंगे।

कभी कहती थी सिंगल ही खुश हूं...

## 45 की उम्र में विराट कोहली के अंदाज में शादी करेगी वीनस विलियम्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेरेना विलियम्स की बड़ी बहन और दुनिया की पूर्व नंबर वन महिला टेनिस स्टार वीनस विलियम्स को नया प्यार मिल गया है। वह इटली के एक्टर से शादी करने जा रही हैं। उनका होने वाला दूल्हा उनसे 8 साल बड़ा है। 45 की उम्र में विराट कोहली के अंदाज में शादी करेगी ये महिला खिलाड़ी, कभी कहती थी सिंगल ही खुश हूं. कौन कहता है कि प्यार करने की उम्र होती है और जिंदगी में एक ही बार प्यार होता है?



एक वक्त टेनिस की दुनिया की सबसे बड़ी महिला खिलाड़ी रहीं वीनस विलियम्स को ही ले लीजिए। उनसे छोटी सेरेना विलियम्स ने के को-फाउंडर के साथ 16 नवंबर 2017 को शादी की तो वीनस ने उस समय कहा था कि वह अकेले ही खुश हैं। इसका कारण कई बार उनका दिल टूटना था, लेकिन अब समय बदल चुका है। उन्हें अपना सच्चा प्यार मिल गया जी हां, कभी सिंगल ही खुश हूं कहने वाली वीनस विलियम्स अब मिंगल होने को तैयार हैं। उन्होंने डेनमार्क के सुपर स्टार से सगाई कर ली है। वह इसी साल सितंबर में शादी करेंगे। यह शादी बिल्कुल शाही अंदाज में होने वाली है।

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और बॉलीवुड स्टार अनुष्का शर्मा की तरह वीनस विलियम्स और एंड्रिया प्रेति इटली (इटली के अमाल्फी तट) में शादी करेंगे। इस शादी में दुनियाभर के तमाम सेलिब्रिटीज और टेनिस स्टार्स के आने की संभावना है। 37 वर्षीय प्रेति डेनमार्क में जन्मे इटली के एक्टर और डायरेक्टर हैं। उन्होंने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की थी। प्रेति और टेनिस की दिग्गज वीनस के बीच पहली बार जुलाई 2024 में रोमांस का सिलसिला शुरू हुआ था, जब उन्हें इटली के नेरानो में अमाल्फी तट पर नौका विहार करते देखा गया था। वीनस से प्रेति 8 साल छोटे हैं। 2025 फरवरी में सगाई की अफवाहें तब और तेज हो गईं जब अमेरिकी टेनिस सुपरस्टार को रोम में एक प्रैक्टिस सेशन के दौरान हीरे की अंगूठी पहने देखा गया और प्रेति स्टैंड से उनका उत्साहवर्धन कर रहे थे। इस जोड़े को कोर्ट के बाहर गले मिलते और चुंबन करते हुए भी देखा गया। विलियम्स ने बहामास में प्रेति के साथ एक छुट्टियों की सेल्फी पोस्ट की थी, जिसमें उन्होंने उन्हें सबसे अच्छा साथी बताया था।

1988 में डेनमार्क में जन्मे प्रेति वन मोर डे (2014) के राइटर, निर्देशन और अभिनय के साथ छा गए थे। उन्होंने टीवी सीरीज ए प्रोफेसर और 2023 की फिल्म टेम्पटेशन सहित कई फिल्मों और टीवी सीरीज में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन और टेनिस की सबसे सफल एथलीटों में से एक वीनस का नाम इससे पहले 2012 में मॉडल एलियो पिस और 2017 में करोड़पति निकोलस हैमंड के साथ जुड़ चुका है। कॉस्मोपॉलिटन के साथ 2021 के एक साक्षात्कार में उन्होंने खुलकर बात की कि उन्हें घर बसाने या परिवार शुरू करने के लिए सामाजिक अपेक्षाओं का दबाव महसूस नहीं होता। उन्होंने तब कहा था- वह सिंगल ही खुश हैं।

## दूसरों से मांग- मांग कर खाती थी खाना, शुभमन गिल से मिलने के बाद बदली किस्मत, 9 बल्लेबाजों को आउट कर छाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ शुभमन गिल की टीम इंडिया टेस्ट सीरीज में भले ही 1-2 से पिछड़ी हो. मगर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वहां अपने दबदबे की कहानी पूरी तरह से लिखी है. उसने टी-20 के बाद अब वनडे सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है. भारतीय महिलाओं ने 3 वनडे की सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया. भारत की इस सीरीज जीत में उसके तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ की भूमिका सबसे बढ़कर रही. अपने नाम की ही तरह उन्होंने इंग्लैंड में काम से भी क्रांति ला दी. 21 साल की भारतीय गेंदबाज ने इंग्लैंड के 9 बल्लेबाजों को अपना निशाना बनाया. इस कामयाबी के बाद वो वनडे सीरीज की सबसे सफल गेंदबाज बन गई.

हालांकि, इंग्लैंड में गेंद से क्रांति ला देने वाली भारतीय गेंदबाज का टीम इंडिया तक का सफर आसान नहीं रहा. टीम इंडिया की जर्सी पहनकर भारत का नाम रोशन करने से पहले उन्हें अपनी जिंदगी में हर कदम पर एक जंग लड़नी पड़ी. क्रांति गौड़ और उनके परिवार को पेट पालने के लिए भी जूझना पड़ा.



दूसरों से मांग-मांग कर पड़ता था खाना

BCCI ने क्रांति गौड़ का एक इंटरव्यू जारी किया है, जिसमें वो अपने जीवन के संघर्षों के बारे में खुलकर बात कर रही हैं. उसी में उन्होंने बताया कि बुरे वक्त में खाने के लिए उन्हें दूसरों से मांगना भी पड़ा है. क्रांति गौड़ आगे कहती हैं कि पिता की नौकरी चली गई थी. उनके भाई का काम भी अच्छा नहीं चल रहा था. उन बुरे हालातों में मां के गहने बेचकर किसी तरह से घर चला. सामने आए इंटरव्यू में उन्होंने अपने क्रिकेटर बनने की जर्नी के बारे में भी बताया.

पहले दो मैचों में विकेट लेने में नाकाम, गिल से हुई मुलाकात

क्रांति गौड़ ने इसी साल मई में इंटरनेशनल डेब्यू श्रीलंका के खिलाफ किया था. कोलंबो में खेले उस वनडे मुकाबले में क्रांति को विकेट नहीं मिला. इसके बाद जुलाई 2025 में उन्होंने टी-20 डेब्यू इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में किया मगर उसमें भी विकेट नहीं मिला. बैक टू बैक दो डेब्यू पर नाकामी के बाद क्रांति गौड़ की मुलाकात इंग्लैंड में ही किंग से मिलने-जुलने के दौरान शुभमन गिल से हुई. क्रांति गौड़ ने शुभमन गिल से मुलाकात की अपनी तस्वीरें भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है.

शुभमन गिल से मिलने के बाद गेंदबाजी में 'क्रांति'

15 जुलाई को क्रांति गौड़ की शुभमन गिल से ये मुलाकात हुई और 16 जुलाई से उनकी किस्मत बदलनी शुरू हो गई. असर ये हुआ कि अपने इंटरनेशनल करियर के पहले दो मैचों में विकेट लेने में नाकाम रहने वाली क्रांति गौड़ ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के 3 मैचों में 15.11 की औसत से 9 विकेट चटका दिए . इसमें से अकेले 6 विकेट उन्होंने सिर्फ उस आखिरी मैच में लिए, जिससे सीरीज का फैसला होना था.

## राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक पर BCCI उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला की पहली प्रतिक्रिया आई सामने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने घोषणा की कि वे पहले राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक का अध्ययन करेंगे, जो बुधवार को संसद में पेश किया जाना है, और उसके बाद ही वे इस पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। खेल मंत्रालय के सूत्रों ने मंगलवार ने खुलासा किया कि बीसीसीआई प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक 2025 के दायरे में आएगी जिसे संसद के मानसून सत्र में पेश किए जाने की उम्मीद है।



हालांकि बीसीसीआई सरकारी धन पर निर्भर नहीं है, फिर भी विधेयक में इसके शामिल होने की व्यापक रूप से उम्मीद थी, खासकर 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय क्रिकेट टीम की प्रस्तावित भागीदारी को देखते हुए। शुक्ला ने विधेयक पेश होने से पहले इस पर कोई टिप्पणी करने से परहेज किया और कहा, हमें विधेयक पेश होने के बाद इसका अध्ययन करना होगा। उसके बाद ही मैं इस पर अपने विचार व्यक्त कर सकता हूं। बीसीसीआई तमिलनाडु सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1975 के तहत पंजीकृत है। बीसीसीआई भारत में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट के सभी पहलुओं की देखरेख के लिए जिम्मेदार है। फिलहाल बीसीसीआई 45 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघों के अंतर्गत नहीं आता है।

अगर भारतीय क्रिकेट बोर्ड इस विधेयक के दायरे में आता है, तो वह सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के अधीन भी आ सकता है।

चाईना ओपन बेडमिंटनः

## सिंधू ने मियाजाकी को हराया, सात्विक-चिराग की जोड़ी भी अगले दौर में पहुंची

**चांग्झू, एजेंसी।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व की 15वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को केवल 31 मिनट में 21-13, 21-9 से हराकर दमदार शुरुआत की। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पी वी सिंधू ने बुधवार को जापान की छठी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम 16 में प्रवेश किया।



सिंधू ने शानदार शुरुआत की और लगातार सात अंक लेकर पहले गेम में 13-5 की बढ़त बना ली और फिर आसानी से यह गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में मियाजाकी ने शानदार वापसी की और लगातार नौ अंक लेकर 12-8 की बढ़त बना ली। जापान की खिलाड़ी ने यह गेम जीत कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया।

## ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराया, अपना आखिरी मैच खेल रहे आंद्रे रसेल ने बनाए 36 रन

**किंगस्टन, एजेंसी।** एडम जम्पा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद जॉश इंग्लिश नाबाद (78) और कैमरन ग्रीन (56) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 28 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है।




173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में मात्र 13 रन के स्कोर पर ग्लेन मैक्सवेल (12) के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया था। टीम को दूसरा झटका 42 रन के स्कोर पर कप्तान मिशेच मार्श (21) के रूप में लगा, लेकिन इसके बाद जॉश इंग्लिश और कैमरन ग्रीन ने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 131 रनों की अविजित साझेदारी हुई। ऑस्ट्रेलिया ने 15.2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया।

जॉश इंग्लिश ने 33 गेंद में पांच छक्के और सात चौकों की मदद से नाबाद 78 रनों की पारी खेली। वही कैमरन ग्रीन 32 गेंद में चार छक्के और तीन चौके लगाते हुए नाबाद 56 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से जेसेन होल्डर और अल्जारी जोसेफ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने लिए ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े। ब्रैंडन किंग 36 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से (51) रनों की पारी खेली। कप्तान होप 13 गेंद में नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मध्यक्रम के बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण का सामना अधिक देर तक नहीं कर सके और एक के बाद एक विकेट गवांते चले गए। इस दौरान वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने भी आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। शिमरोन हेटमायर 10 गेंद में 14 रन, रोस्टन चेज 16 गेंद में 16 रन, रोवमन पॉवेल 14 गेंद में 12 रन और शेरफेन रदरफोर्ड (शून्य) पर पवेलियन लौट गए।

अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे आंद्रे रसेल ने 15 गेंद में दो चौके और चार छक्कों की मदद से 36 रन की पारी खेली। होल्डर एक रन बनाकर आउट हुए। आखिर में गुडाकेश मोती ने 9 गेंद में एक चौका और दो छक्कों की मदद से नाबाद 18 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जैम्पा ने तीन विकेट लिए। नाथन एलिस और मैक्सवेल को दो-दो विकेट मिले। वहीं, बेन ड्वारशुइस को एक बल्लेबाज को आउट किया।

## इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से जीती वनडे सीरीज, भारत की बेटियों ने बना दिया अनूठा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से वनडे सीरीज जीतते हुए इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले गए तीसरे वनडे मैच को 13 रन से अपने नाम किया। ऐसा पहली बार है, जब भारत की महिला टीम ने इंग्लैंड के एक ही दौरे पर सीमित ओवरों की दोनों सीरीज जीतीं। वनडे सीरीज से पहले भारतीय टीम ने इंग्लैंड के विरुद्ध पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज 3-2 से अपने नाम की थी। इंग्लैंड के अलावा भारतीय महिला टीम विदेशी सरजमीं पर तीन देशों के खिलाफ यह कारनामा कर चुकी है। भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ साल 2018 में वनडे सीरीज 2-1, जबकि टी20 सीरीज 3-1 से अपने नाम की। उसी साल टीम इंडिया ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज 2-1, जबकि टी20 सीरीज 4-0 से जीती। साल 2019 में भारत की महिला टीम ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध वनडे सीरीज 2-1 जीती। वहीं, टी20 सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप किया।

भारत ने श्रीलंका के खिलाफ साल 2022 में उसी की सरजमीं पर वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम की। इस मुकाबले की बात करें, तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के शतक की मदद से पांच विकेट खोकर 318 रन बना दिए। प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 64 रन की साझेदारी हुई। प्रतिका 26, जबकि मंधाना 45 रन बनाकर पवेलियन लौटीं।




सलामी बल्लेबाजों के पवेलियन लौटने के बाद कप्तान ने हरलीन देओल के साथ तीसरे विकेट के लिए 81 रन जुटाए। देओल ने 65 गेंदों में 45 रन बनाए। हरमनप्रीत कौर ने जेमिमा रोड्रिगेज के साथ चौथे विकेट के लिए 110 रन जोड़ते हुए भारत को विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया। जेमिमा ने 50 रन टीम के खाते में जोड़े, जबकि कौर ने 84 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 102 रन की पारी खेली।

विपक्षी टीम की तरफ से लॉरेन बेल, लॉरेन फाइलर, चार्ली डीन, सोफी एक्लेस्टोन और लिंसी स्मिथ ने एक-एक विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 49.5 ओवरों में 305 रन पर सिमट गई। टीम आठ के स्कोर तक सलामी दोनों बल्लेबाजों के विकेट गंवा चुकी थी। यहां से एम्मा लैंब ने कप्तान नतालिया-साइवर-ब्रंट के साथ तीसरे विकेट के लिए 162 रन जोड़ते हुए टीम की उम्मीदों को जगाया।

लैंब ने 81 गेंदों में 68 रन बनाए, जबकि ब्रंट ने 105 गेंदों में 11 चौकों के साथ 98 रन की पारी खेली। इनके अलावा एलिस रिचर्ड्स ने 44, जबकि सोफिया डंकले ने 34 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकीं। भारत की ओर से क्रांति गौड़ ने 52 गेंदों में सर्वाधिक छह विकेट अपने नाम किए, जबकि श्री चरणी ने दो विकेट झटके। इनके अलावा दीप्ति शर्मा को एक विकेट हाथ लगा।